


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14 अंक - 160 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 25 मार्च 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## संसद की सदस्यता जाने के बाद राहुल गांधी का भाजपा पर पलटवार, कहा-

# प्रधानमंत्री मोदी दहशत में हैं वे मेरी स्पीच से डर रहे हैं

**नईदिल्ली।** राहुल गांधी ने संसद की सदस्यता गंवाने के बाद शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बीजेपी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने मोदी अडानी के रिश्तों पर सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। इसके अलावा उन्होंने संसद में अपनी स्पीच हटाने पर भी बात की। इस दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, अभिषेक मनु सिंघवी आदि भी उपस्थित रहे।

बता दें कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मोदी सरनेम केस में दो साल की सजा सुनाने के बाद शुक्रवार को स्पीकर ओम बिरला ने उनकी संसद सदस्यता रद्द कर दी। उन्हें सूरत सेशंस कोर्ट ने



दोषी करार दिया है। हालांकि अभी उनके पास ऊपर की अदालत में अपील करने का विकल्प है। इधर राहुल के खिलाफ इस ऐक्शन पर कांग्रेस ने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र की स्थिति के बारे में दुनिया को एक बहुत ही खराब संकेत भेज रहा है।

### अड़ानी व पीएम के रिश्तों पर उठाए सवाल

राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैंने संसद में यह सवाल पूछा कि अडानीजी की शेल कंपनी में 20 हजार करोड़ किसी ने इन्वेस्ट किया. यह पैसा अडानीजी का नहीं है तो यह रकम किसकी की। मैंने संसद में बताया कि पीएम मोदी और अडानी के बीच क्या रिश्ता है। मीडियो रिपोर्ट्स के हवाले से मैंने उन्हें सबूत भी दिए। राहुल गांधी ने कहा- देश में लोकतंत्र पर आक्रमण हो रहा है। संसद में मंत्रियों ने मेरे खिलाफ झूठ बोला। उन्होंने कहा- मैं विदेशी ताकतों से मदद मांगी है. मैंने ऐसी बात नहीं कही है. संसद से मेरे भाषणों को हटा दिया गया। मैं सवाल पूछना नहीं बंद करूंगा, मैं डरने वाला नहीं हूं।

### पीएम मोदी और अडानी का रिश्ता काफी पुराना

राहुल गांधी ने कहा- मोदी जी और अडानी का रिश्ता काफी पुराना है। जब नरेंद्र मोदी जी गुजरात के सीएम बने थे, तब से रिश्ता है। मैंने हवाई जहाज में बैठे उनकी फोटो भी दिखाई है। वह अपने मित्र के साथ बड़े आराम से बैठे हुए थे। राहुल गांधी ने कहा कि अडानी पर मेरे भाषण से प्रधानमंत्री डरे हुए हैं और मैंने यह उनकी आंखों में देखा है, इसलिए पहले मुद्दे से ध्यान भटकाया गया। उसके बाद मुझे अयोग्य घोषित कर दिया गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भले ही वे मुझे स्थायी रूप से अयोग्य घोषित कर दें, मैं अपना काम करता रहूंगा। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं संसद के अंदर हूं या नहीं। मैं देश के लिए लड़ता रहूंगा। राहुल गांधी ने कहा- देश में ओबीसी का मामला नहीं है. ये अडानी और मोदीजी के रिश्ते का मामला है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दिए गए मेरे बयानों को अगर आप देखेंगे तो मैंने कभी भी ऐसी बात नहीं कही है। मैंने हर वर्ग को एकजुट होने के लिए बात कही।

उन्होंने कहा- सब एक हैं, देश में भाईचारा हो। उन्होंने यह भी कहा कि मुझे समर्थन देने के लिए मैं सभी विपक्षी दलों को धन्यवाद देता हूं, हम सब मिलकर काम करेंगे।

उन्होंने माफी मांग के सवाल पर कहा- मेरा नाम सावरकर नहीं है, मेरा नाम गांधी है और गांधी किसी ने माफी नहीं मांगते।

## खास-खबर



### राजधानी में दरोगा की करतूत, शराब के नशे में घुसा गर्ल्स हॉस्टल, आदिवासी युवती से की मारपीट

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ पुलिस के एक दरोगा की शर्मनाक हरकत सामने आई है। यहां के यातायात विभाग में तैनात निरीक्षक शराब के नशे में गर्ल्स हॉस्टल पहुंचा और यहां पर एक आदिवासी युवती से मारपीट की। निरीक्षक आदिवासी युवती को धमका रहा था। निरीक्षक की करतूत यहां के सीसी कैमरे में कैद हो गई है जो वायरल हो गई है। इस मामले में हॉस्टल संचालिका ने एसएसपी रायपुर सहित अनुसूचित जाति जनजाति थाना व गंज थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है।

मिली जानकारी के अनुसार मामला मामला देवेंद्र नगर क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि यातायात मुख्यालय रायपुर में तैनात निरीक्षक शुक्रवार को गर्ल्स हॉस्टल में घुस गया। यहां उसने जमकर बखेड़ा खड़ा किया। नशे में धुत निरीक्षक ने यहां पर आदिवासी युवती को दो थप्पड़ जड़ दिए और बाल पकड़कर धक्का भी दिया। हॉस्टल संचालिका की माने निरीक्षक द्वारा हॉस्टल में घुसकर गलत मांग कर रहा था। मना करने पर उसने गाली गलौच की और झूठे मामले में फंसाने की धमकी भी देने लगा। इस पूरे मामले में निरीक्षक के खिलाफ शिकायत की गई है। इसका वीडियो भी वायरल हुआ है। हालांकि अभी तक निरीक्षक पर विभागीय स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

#### सीआरपीएफ का 84वां स्थापना दिवस

### नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अंतिम चरण में, हिंसा हुई कम-अमित शाह

श्रीकंचनपथ न्यूज



**जगदलपुर।** शनिवार को नगरनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले करनपुर सीआरपीएफकैंप में 84 वें राइजिंग-डे के मौके पर देश के गृहमंत्री अमित शाह शामिल हए। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में पहुंचकर सीआरपीएफ के शहीद जवानों को उन्होंने श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि पहली बार नक्सल प्रभावित इलाके में सीआरपीएफ डे मनाया जा रहा है। राष्ट्र महिला सीआरपीएफ कर्मियों को सलाम करता है। सीआरपीएफका योगदान महत्वपूर्ण है। नक्सलियों के खिलाफ हमारी लड़ाई अंतिम चरण में है। हिंसा की घटनाओं में कमी आई है।

देश के गृहमंत्री अमित शाह सीआरपीएफ दिवस के मौके पर शुक्रवार की शाम को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर स्थित मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में पहुंचे थे। जहां भाजपा नेताओं से मुलाकात करने के बाद हेलीकाफ्टर से करनपुर पहुंचे। इस दौरान अमित शाहर ने जवानों द्वारा प्रदर्शित किया गया स्टंट शो भी देखा। इसके साथ ही अलग-अलग सेक्टर के जवानों ने परेड की। इस बीच गृहमंत्री ने परेड की सलामी ली। शनिवार की सुबह गृहमंत्री ने सीआरपीएफ के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। सीआरपीएफ का 84 वां स्थापना दिवस है। गृह मंत्री ने वहां मौजूद जवानों को भी संबोधित किया और कहा कि देश में सीआरपीएफ के जवान हर मौके पर आगे बढ़कर अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते हैं। उन्होंने कहा कि कई वीर सपूत देश की रक्षा में शहीद हो गए हैं, उनका पूरा देश ऋणी है।

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सल प्रभावित इलाके में अबतक सीआरपीएफदिवस कभी नहीं आयोजित किया गया था। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में इस बार आयोजन किया गया है। इससे यहां के लोगों को भी भरोसा होगा कि सुरक्षाबल अपना काम कर रही है और हर समय उनकी रक्षा में तैनात है। अमित शाह ने कहा कि सीआरपीएफ की महिला सुरक्षाकर्मियों का भी देश हमेशा कृतज्ञ रहेगा।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी अब हालत बदल रहे हैं। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों ने मोर्चा संभाल रखा है। इससे सामान्य लोगों का जनजीवन बेहतर हुआ है। उन्होंने कहा कि अब नक्सली भी आत्मसमर्पण कर रहे हैं और सुरक्षाबलों के जवान भी सुरक्षित हैं। गृहमंत्री ने कहा सीआरपीएफ ने देश में हुए अब तक के चुनावों में सर्वाधिक सहयोग किया है। देश की रक्षा और चुनाव में सुरक्षा के योगदान के लिए देश हमेशा कृतज्ञ रहेगा।



## संपादकीय

### मुंहतोड़ जवाब जरूरी

नासमझ अलगाववाद ने फिर एक बार अपनी नकारात्मकता का परिचय दिया है। कनाडा के ओंटारियो प्रांत के हैमिल्टन शहर में सिटी हॉल के पास स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा को खालिस्तान समर्थकों ने बदरंग कर दिया। लाठी की जगह अलगाववाद का झंडा लगा दिया गया। यह प्रतिमा यहां साल 2012 से स्थापित है। इसे भारत सरकार ने कनाडा सरकार को उपहार स्वरूप दिया था। यह बेहद दुखद और निंदनीय है कि कनाडा पुलिस या सरकार वहां भारतीय प्रतीकों की रक्षा नहीं कर पा रही है। भारत सरकार को बहुत कड़े शब्दों में आपत्ति जतानी चाहिए और भारत विरोधी प्रदर्शनों के प्रति चंद विदेशी सरकारों की उदारता पर सुनियोजित प्रहार करना चाहिए। उस शहर के अधिकारियों ने प्रतिमा और वहां मौजूद भित्तिचित्र को साफ करने के लिए तेजी से काम किया है, लेकिन इतना ही पर्याप्त नहीं है। पुलिस को उपद्रवियों को पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। चूंकि वहां की पुलिस पर्याप्त कड़ाई नहीं बरत रही है, इसलिए ऐसी घटनाएं बार-बार सामने आ रही हैं। अभी लोग भूले नहीं हैं, फरवरी में ही कनाडा के ग्रेटर टोरंटो एरिया में एक हिंदू मंदिर को अपवित्र किया गया था। वहां दीवार पर भारत विरोधी और खालिस्तान समर्थक चित्र व शब्द पेंट किए गए थे। एकाधिक बार मंदिरों का निशाना बनाना यह साफ बताता है कि उपद्रवियों में धर्म या अपने धर्म की भी बहुत सीमित या संकीर्ण समझ है। सिख पंथ उदारता और समन्वय को समर्पित है, लेकिन यहां अगर देव या मंदिर के अपमान की परिपाटी चल रही है, तो भटकाव को सहज ही समझा जा सकता है। भटके हुए लोगों को यह पता नहीं है कि अलगाववाद के उन्माद में वह किनका अपमान कर रहे हैं। महात्मा गांधी के विरोध का तो वैसे भी कोई कारण नहीं बनता है। अगर उन पर केवल इसलिए हमला किया गया है, क्योंकि वह भारत में राष्ट्रपिता कहलाते हैं, तो इसके पीछे कुत्सित राजनीति ही है। सत्य, प्रेम और अहिंसा के पुजारी को अगर निशाना बनाया जा सकता है, तो यह सोचने वाली बात है कि निशाना बनाने वाले किस मंशा के लोग हैं। गौर करने की बात है कि रिचमंड हिल के विष्णु मंदिर में स्थित महात्मा गांधी की एक प्रतिमा को पिछले साल जुलाई में बदरंग किया गया था। मगर इतने हमलों के बाद भी कनाडा में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, अमेरिका में इस तरह के हिंसक प्रदर्शन भारत सरकार के लिए गंभीर विषय हैं। ये ऐसे देश हैं, जो भारत से अपनी मित्रता की अक्सर दुहाई देते हैं और भारत से पूरे लाभ भी लेते हैं, लेकिन भारत की हित-चिंता के प्रति उनकी उदासीनता अलग से विचारणीय है। बेशक, खालिस्तान समर्थकों की संख्या बहुत कम है, पर इसका मतलब यह नहीं कि उनके भारत विरोधी प्रदर्शनों के प्रति नरमी बरती जाए। भारत को तोड़ने का सपना नया नहीं है, लेकिन 'कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी' के अंदाज में भारत ने हमेशा मुकाबला किया है। अनगिनत प्रमाण हैं कि भारत विरोध के प्रचार-प्रसार में पाकिस्तानी प्रतिष्ठान खुलकर लगा हुआ है। जो लोग भारत को तोड़ने में लगे हैं, वही लोग संयुक्त राष्ट्र में बार-बार बेशर्मी से कश्मीर मुद्दा उठा रहे हैं। आज दुनिया का कौन-सा देश है, जो अपने खिलाफअलगाववादी साजिशों को बर्दाश्त कर सकता है? अब समय आ गया है कि विदेश मंत्रालय रणनीति बनाकर अभियान छेड़ दे और अलगाववाद को बुनियाद से उखाड़ फेंके।

> “ सत्य, प्रेम और अहिंसा के पुजारी को अगर निशाना बनाया जा सकता है, तो यह सोचने वाली बात है कि निशाना बनाने वाले किस मंशा के लोग हैं। गौर करने की बात है कि रिचमंड हिल के विष्णु मंदिर में स्थित महात्मा गांधी की एक प्रतिमा को पिछले साल जुलाई में बदरंग किया गया था। मगर इतने हमलों के बाद भी कनाडा में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग

वर्तमान केंद्रीय सरकार पर आरोप है कि वह विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करके विपक्ष पर झूठे मुकदमे दायर करवा देता है इंफोर्समेंट डायरेक्टोरेट पर यारों बहुत ज्यादा है। अब आज अरविंद केजरीवाल पर भी आ गई है कि दिल्ली के शराब घोटाले में अर्जित पैसा गोवा के विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल हुआ था, ऐसा नया आरोप ई.डी. ने लगाया है। शायद जल्दी ही अरविंद केजरीवाल को अरेस्ट कर लिया जायेगा।

मौजूदा केन्द्र सरकार ने ई.डी. का इस्तेमाल अपने राजनीतिक लक्ष्यों की पूर्ति के लिये किया हो। तमाम सरकारों के दौरान ऐसा होता रहा है, लेकिन राजग सरकार के दौरान इसकी आवृत्ति बढ़ी है। विपक्षी नेता आरोप लगाते रहे हैं कि केंद्र ईडी को 7 राजनीतिक हथियार के रूप में प्रयोग कर रहा है। ऐसे में दिल्ली हाईकोर्ट की यह नसीहत तार्किक व मार्गदर्शक है कि कानून उसे यह हक नहीं देता कि वह मनमाने ढंग से किसी की प्रतिष्ठा से खेले, उन्हें परेशान करे या किसी तरह का दबाव बनाये। अदालत ने साफ कर दिया कि उसे सिर्फ और सिर्फ धनशोधन के मामले में ही कार्रवाई करने का कानूनी हक है। वह महज अनुमान के आधार पर किसी पर कोई आरोप नहीं लगा सकती। यदि ऐसा कोई प्रयास होता है तो कानून के दायरे में ही उसकी सुनवाई होनी चाहिए । दरअसल, हाईकोर्ट ने ऐसी याचिकाओं पर सुनवाई की थी जिसमें धनशोधन की स्पष्ट स्थिति न होते हुए भी ईडी ने कार्रवाई की थी। आरोप लगते रहे हैं। कि प्रवर्तन निदेशालय ने कई मामलों में विभाग के कार्यक्षेत्र से बाहर वाले मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप किया है। यही वजह है कि ई.डी. की दखल के बावजूद कोई धनशोधन का मामला उजागर नहीं हो सका। महज इस शक पर कि आय से अधिक की संपत्ति वाले मामले में धनशोधन का एंगल भी हो सकता है। कोर्ट का मानना है कि अन्य विभाग की जांच में यदि धनशोधन का मामला उजागर होता है तो ई.डी. दखल दे सकती है। गाहे- बगाहे ई.डी. की कारगुजारियों को लेकर सवाल उठते रहे हैं। यह मामला विगत में शीर्ष अदालत के पास भी पहुंचा था। तब भी कोर्ट ने उसके गिरफ्तारी व जब्ती के अधिकार को तो माना था लेकिन साथ ही नसीहत भी दी थी कि उसे अपने दायरे में रहकर ही काम करना होगा। ऐसे में उम्मीद जगी है कि हाईकोर्ट के निर्देश के बाद ईडी संयम के साथ काम करेगा। दरअसल, विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा कि केन्दय एजेंसियां सरकार के इशारों पर काम कर रही हैं, उनके निशाने पर विपक्षी सरकारों वाले राज्यों के नेता रहे हैं। अब चाहे आयकर विभाग हो, सीबीआई हो या फिर प्रवर्तन निदेशालय, विपक्षी पार्टियां उनके निशाने पर रही हैं। इन पर राजनीतिक दुराग्रह के चलते कार्रवाई करने तथा सत्तारूढ़ दल के नेताओं को अभयदान देने की बात कही जाती रही है। बहरहाल, हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद वे तमाम लोग राहत की सांस लेंगे, जिनके खिलाफ राजनीतिक कारणों से कार्रवाई हुई और वे कार्यवाही के अंतहीन त्रास को झेल रहे हैं। मामले में तमाम सफाई देने के बावजूद उनके मामलों का पटाक्षेप नहीं हो पा रहा है। वहीं जांच एजेंसी को नसीहत दी गई है कि जांच के बाद तथ्य पाये जाने के बाद ही किसी के खिलाफ छापे की कार्रवाई हो तथा कानूनी रूप से अधिकृत प्राधिकारों के माध्यम से ही मामले की सुनवाई की जानी चाहिए। उसके पास यह जांच करने का अधिकार नहीं है कि कहीं इस तरह का आर्थिक अपराध हुआ है।

**अजय दीक्षित**

> “ राहुल गांधी के पास भी आज मौका है, वह विपक्ष को साथ लेकर जनता के बीच जाने की कोशिश कर सकते हैं। उन्हें सीखना चाहिए, आपातकाल के बाद किस तरह विपक्ष एकजुट हुआ था। लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने बखूबी आंदोलन किया था। ज्यादातर विपक्षी दल उनके साथ खड़े हो गए थे। किसी भी आंदोलन में नागरिक समाज या सिविल सोसायटी का शामिल होना जरूरी होता है।

# राहुल गांधी के लिए आपदा या अवसर

रशीद किदवई, वरिष्ठ पत्रकार

कई बार सियासी आपदा या समस्या ही अवसर में बदल जाती है। क्या राहुल गांधी की संसद सदस्यता का खत्म होना ऐसा ही एक अवसर है? सूरत की अदालत ने मानहानि के एक मामले में दो साल की जो सजा सुनाई है, उसकी वजह से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की संसद सदस्यता का जाना गुरुवार को ही लगभग तय माना जा रहा था। अब कांग्रेस के सामने चुनौती खड़ी हो गई है, लेकिन क्या वह सियासी लाभ के साथ उबर पाएगी?

अगर देश के राजनीतिक इतिहास में झांकें, तो ऐसे हालात पहले भी बने हैं। ऐसे मौके आए हैं, जब खुद पर आई राजनीतिक आपदा को नेताओं ने अपने हित में पूरा इस्तेमाल किया। इंदिरा गांधी के समय भी ऐसा हुआ था। अक्तूबर 1977 में उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस पहुंच गई थी। इंदिरा गांधी ने मीडिया के पहुंचने तक पुलिस को उलझाए रखा। खूब राजनीतिक ड्रामा हुआ था। पुलिस जब उन्हें पकड़कर ले गई, तब हरियाणा सीमा पर फिर हंगामा हुआ। इंदिरा गांधी ने सवाल उठा दिए कि दिल्ली में गिरफ्तार किया है, तो हरियाणा नहीं ले जा सकते, दिल्ली में ही रखिए। विवाद करते शाम हो गई। कहने का मतलब है, विषम हालात में भी इंदिरा गांधी ने सियासी लाभ का मौका हाथ से नहीं जाने दिया था। वह प्रधानमंत्री नहीं थीं, तो लोगों ने उन्हें सामाजिक समारोहों में भी बुलाना छोड़ दिया था। वह चिकमगलूर से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंची थीं। जैसे आज राहुल गांधी की सदस्यता चली गई है, ठीक वैसे ही तब इंदिरा गांधी की सदस्यता भी चली गई थी। मगर विषम हालात में भी इंदिरा गांधी के सियासी तेवर में कमी नहीं आई थी। तब नारा लगता था, एक शेरनी सौ लंगूर, चिकमगलूर चिकमगलूर। जब लोकसभा से उनको निष्कासित किया गया, तब वह भागी नहीं, जनता के बीच गईं।



राहुल गांधी के पास भी आज मौका है, वह विपक्ष को साथ लेकर जनता के बीच जाने की कोशिश कर सकते हैं। उन्हें सीखना चाहिए, आपातकाल के बाद किस तरह विपक्ष एकजुट हुआ था। लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने बखूबी आंदोलन किया था। ज्यादातर विपक्षी दल उनके साथ खड़े हो गए थे। किसी भी आंदोलन में नागरिक समाज या सिविल सोसायटी का शामिल होना जरूरी होता है। छात्र संगठन, सामाजिक संगठन, बुद्धिजीवी समाज, सभी को साथ लेकर लोकनायक ने बिगुल फूंक दिया था। आठ विपक्षी पार्टियों ने मिलकर जनता पार्टी की रूपरेखा तैयार की थी और कांग्रेस को बुरी तरह से हराकर चुनाव जीतने के बाद ही मोरारजी देसाई को प्रधानमंत्री पद के लिए आगे किया गया था।

विपक्ष को एकजुट करने का यही काम बाद में विश्वनाथ प्रताप सिंह ने किया था। बोफोर्स मामले पर वह विपक्ष को एकजुट करके जनता के बीच गए थे। बोफोर्स पर उन्होंने राजीव गांधी की सरकार को बुरी तरह से निशाने पर ले लिया था। राजीव गांधी के पास 410 सांसद थे, पर जुलाई 1989 में लोकसभा से 12 दलों के 106 सदस्यों ने एक साथ इस्तीफा दे दिया था। एक तरह से पूरा विपक्ष बोफोर्स मामले में एकजुट हो गया था, तब राजीव गांधी को तीन महीने बाद चुनाव कराने की घोषणा करनी पड़ी थी।

लोकसभा चुनाव में अभी साल भर का समय है। क्या कांग्रेस विपक्ष को एकजुट कर सकती है? भाजपा के पास पूर्ण बहुमत है, विपक्ष क्या इसमें सेंध लगा सकता है? फिलहाल, हकीकत यही है कि विपक्ष ताकतवर नहीं दिखाई पड़ रहा है। बेशक, कांग्रेस अगर अतीत से सीखते हुए प्रयास करती है, तो एक नई स्थिति पैदा होगी। आपातकाल के समय, बोफोर्स के समय और लोकपाल के समय ऐसा हो चुका है। इतना समझ लेना चाहिए कि तमाम आंदोलन नागरिक समाज को साथ लेकर ही हुए हैं, तभी राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव संभव हो सका है।

राहुल गांधी का जो अभी तक नैरेटिव है, उसमें उनका लोगों के पास जाना जरूरी है। लंदन के लोग वोट देने के लिए भारत नहीं आएंगे। विदेश में कुछ भी छपता रहे, भारत की आंतरिक राजनीति पर क्या असर पड़ेगा? राहुल गांधी को मौका मिला है, पर वह विपक्ष को कैसे एक मंच पर लाएंगे? जब दिल्ली में मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी हुई थी, तब कांग्रेस कमोबेश चुप रही थी, लेकिन जब राहुल गांधी को निशाने पर लिया गया है, तब अरविंद केजरीवाल खुलकर कांग्रेस के समर्थन में सामने आ गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे छह दशक से राजनीति में हैं, संसद के दोनों सदनों में नेता रह चुके हैं। सभी दलों के नेताओं के साथ उनका उठना-बैठना है। कांग्रेस चाहे, तो उनका सदुपयोग कर सकती है। चंद्रशेखर राव, नीतीश कुमार, लालू प्रसाद यादव, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल इत्यादि तमाम विपक्षी नेताओं को साथ लेना चाहिए। विपक्ष मिलकर नहीं चलेगा, इस चुनौती को अस्तित्व की लड़ाई नहीं बनाएगा, तो कामयाबी नहीं मिलेगी। विगत वर्षों में कांग्रेस को अनेक नेता छोड़ गए हैं, उनको भी साथ लेने से राहुल गांधी को मजबूती मिल सकती है।

आज राहुल गांधी को लेकर कानूनी बातें भी बहुत हो रही हैं। यह विमर्श का अलग क्षेत्र बना रहेगा। कुल मिलाकर, अगर हम ईमानदारी से देखें, तो राजनीति में आज जो संवाद का स्तर गिरा है, उसके लिए किसी एक व्यक्ति को दोषी ठहराना सही नहीं है। बहुत से ऐसे नारे विगत वर्षों में लगे हैं, जो आपत्तिजनक हैं, पर अदालत या किसी ने उनका संज्ञान नहीं लिया। आज खराब भाषा के लिए व्यक्ति विशेष को दोषी ठहराना अटपटा लगता है। फिर भी ध्यान रहे, कानून उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही काम करता है। जरूरी नहीं कि आगे अदालतों में राहुल गांधी को राहत मिले और उनकी सदस्यता फिर बहाल हो जाए। हम लालू यादव, आजम खान के मामले में देख चुके हैं। ये सब नेता इसी तरह अयोग्य करार दिए गए थे, पर उच्च अदालतों में उन्हें राहत नहीं मिली।

आज भले किसी को अच्छा न लगे, पर एक समय इसी देश में नारा लगा था, गली-गली में शोर है, राजीव गांधी चोर है! यह नारा बिना प्रमाण उचित नहीं था, पर तब विपक्ष में ऐसे लोग थे, जो नारा लगा रहे थे। भारतीय राजनीति के लिए यह नया नहीं है। यहां लोग भावनाओं की गिरफ्त में आसानी से आ जाते हैं, लेकिन अंततः लोगों के बीच ही हर नेता, हर पार्टी को जाना पड़ता है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**


# सियासी शह-मात के खेल में कृपया संसद को न उलझाएं

योगेंद्र नारायण, पूर्व महासचिव, राज्यसभा

संसद में फिलहाल एक अजीब स्थिति बन गई है। आमतौर पर होता यह है कि विपक्षी दल के सदस्य सदन के वेल में आते हैं या नारेबाजी करते हैं, मगर इस बार तो सत्ता पक्ष के सदस्य भी ऐसा ही कर रहे हैं और सदन नहीं चल रहा। यहां मुझे वे दो मामले याद आ रहे हैं, जब मैं राज्यसभा का महासचिव (साल 2002 से 2007 तक) था और सांसदों के इसी तरह के बर्ताव के बावजूद सदन अपना काम करने में सफल रहा था।

पहली घटना 2003 की है। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की एक रिपोर्ट थी, जिसको संसद में पेश करने की मांग तत्कालीन विपक्षी पार्टी कांग्रेस कर रही थी। मगर सीवीसी ने जब वह रिपोर्ट सभापति को सौंपी थी, तब उसने इसको सार्वजनिक न करने की गुजारिश की थी। फिर भी, सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों तरफ से बहस हुई और अंत में सभापति ने उस रिपोर्ट को सार्वजनिक न करने का फैसला किया। इसके विरोध में कांग्रेस ने वाकआउट किया। करीब 14 दिन कांग्रेस सांसद सदन से बाहर रहे, लेकिन उन्होंने संसदीय कामकाज में कोई रुकावट नहीं डाली। हालांकि, उस दौरान सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का नेतृत्व कर रही भारतीय जनता पार्टी ने भी कोई बिल पेश नहीं किया, ताकि बिना बहस उसे सदन की मंजूरी न मिले।

इसी तरह, भाजपा सांसद मुरली मनोहर जोशी ने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने को लेकर एक बिल पेश किया। कांग्रेस ने 'इंट्रोडक्शन' के समय ही उसका विरोध किया, क्योंकि उसका मानना था कि चुनावी वर्ष में इस तरह के विधेयक पेश नहीं किए जाने चाहिए। मगर तत्कालीन एनडीए सरकार अड़ी रही। तभी ऐन वक्त पर प्रणब मुखर्जी ने वोट की मांग कर दी। इस मतदान में सत्तारूढ़ गठबंधन को मात खानी पड़ी,



क्योंकि उसके कई सदस्य उस समय सदन में नहीं, बल्कि इधर-उधर थे। दरअसल, ऐसी किसी वोटिंग से पहले पूरे संसद परिसर में तीन बार घंटी बजाई जाती है और आखिरी घंटी के बाद सदन का दरवाजा बंद कर दिया जाता है। इसके बाद मतदान होने तक न कोई अंदर जा सकता है और न बाहर आ सकता है। उस हार को सत्ता पक्ष ने खुशी-खुशी स्वीकार किया। संसद में शोरगुल के बीच भी बिल पास होते रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष या राज्यसभा के सभापति हंगामे के बीच बिल को सदन की मंजूरी दिलाने में सफल रहे हैं। मगर मौजूदा स्थिति में न तो विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका मिल रहा है, और न सत्ता पक्ष कोई बिल पेश कर रहा है।

संसदीय व्यवस्था में संसद चलाने की जिम्मेदारी सरकार की होती है। इसमें लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति भी मदद करते हैं। मौजूदा गतिरोध को खत्म करने के लिए बैठकों का दौर शुरू हो गया था। मगर इनका कोई नतीजा निकलता, उससे पहले ही सूरत की एक अदालत ने राहुल गांधी को विवादित बोल के लिए दो साल की सजा सुना दी। नतीजतन, शुक्रवार को दिन चढ़ते-चढ़ते लोकसभा से उनकी सदस्यता जाने संबंधी अधिसूचना भी जारी हो गई। यह फैसला संविधान के अनुच्छेद 102 (1)(ई) के प्रावधानों और जन-प्रतिनिधित्व कानून-1951 की धारा 8 के तहत लिया गया है। इन सबसे सियासी तापमान स्वाभाविक ही बढ़ गया है। मगर विपक्ष को इसका नुकसान कहीं अधिक हो रहा है। फिलहाल बजट तो संसद से पास हो जाएगा, लेकिन अभी न प्रश्नकाल चल रहा है, जिसमें विरोधी दल के नेता सरकार से सवाल कर सकते हैं, और न किसी बिल पर वे अपनी बात रख पा रहे हैं।

ऐसे में, अब सांसदों को सदन चलाने को लेकर गंभीर हो जाना चाहिए। अडानी-हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की विपक्ष की मांग को बेशक सत्ता पक्ष न माने, लेकिन उसे इस मामले पर बहस के लिए तैयार हो जाना चाहिए। इससे विपक्षी दलों को भी अपनी बात रखने का मौका मिलेगा। रही बात सत्ता पक्ष द्वारा मांगी जा रही राहुल गांधी की माफी की, तो अब वह चूंकि लोकसभा सदस्य नहीं रहे, इसलिए सत्ता पक्ष भी अपनी यह जिद छोड़े और सदन को सुचारु रूप से चलने दे। जन-प्रतिनिधियों को यह समझना चाहिए कि सियासी शह और मात के खेल में जनता के हितों की कतई अनदेखी नहीं हो।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी एक क्रांतिकारी फैसला

जी.एस. केशरवानी

ओम प्रकाश डहरिया

**रायपुर।** धान न केवल छत्तीसगढ़ के किसानों की आजीविका का मुख्य साधन है बल्कि यह छत्तीसगढ़ की संस्कृति में भी रचा बसा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समर्थन मूल्य के तहत प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदने के फैसले का छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव आयेगा। राज्य सरकार द्वारा लिया गया यह फैसला राज्य के लगभग 25 लाख किसानों के जीवन में सीधे तौर पर बदलाव लाएगा। इस फैसले से न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी, बल्कि छत्तीसगढ़ की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी। इसका फायदा उद्योग और व्यापार जगत को भी मिलेगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का मानना है कि छत्तीसगढ़ के किसानों की खुशहाली और समृद्धि में ही छत्तीसगढ़ का भविष्य निर्भर है। छत्तीसगढ़ में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए राज्य के उद्योग नीति में कृषि आधारित उद्योगों को प्राथमिकता दी गई है। गांव में खेती-किसानी स्थिति सुधारने, जैविक खेती को बढ़ावा देने के साथ-साथ भू-जल स्तर में वृद्धि के लिए भी सुराजी गांव योजना लागू की गई है। इस योजना के नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी पर विशेष तौर पर फोकस किया जा रहा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था की परिकल्पना को धरातल पर पूर्ण की जा सके। मुख्यमंत्री द्वारा समर्थन मूल्य में अगले खरीफ सीजन से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी के फैसले से किसानों में काफी उत्साह और खुशी का महौल है। आगामी सीजन में भी किसानों की संख्या में वृद्धि होने के साथ-साथ कृषि रकबा में वृद्धि होगी। पिछले वर्ष प्रति एकड़ 15 क्विंटल समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की गई थी। 5 क्विंटल धान की और खरीदी होने से आगामी सीजन में लगभग 125 से 130 लाख मेट्रिक टन धान खरीदी का अनुमान लगाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में इस साल रिकॉर्ड 107.53 लाख मेट्रिक टन धान की खरीदी हुई है और किसानों की जेब में लगभग 22 हजार करोड़ से अधिक की राशि पहुंची है। राईस मिलरों को कस्टम मिलिंग के लिए प्रोत्साहन राशि में वृद्धि करने के फलस्वरूप निर्धारित समय में चावल की मिलिंग की जा रही है। 61 लाख टन चावल एफसीआई और नान में जमा करने के लक्ष्य के विरूद्ध 43 लाख टन चावल जमा किया जा चुका है।



राज्य सरकार द्वारा बीते चार वर्षों में लिए गए अनेक किसान हितैषी फैसलों के बदौलत लगातार खेती-किसानी में परिवर्तन आ रहा है। राज्य के किसान आधुनिक खेती की ओर भी तेजी से बढ़ने लगे हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से मिलने वाली 9 हजार रूपए प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी से किसान पहले की तुलना में काफी मजबूत हुए हैं। खेती-किसानी में किसानों की रूचि बढ़ी है। पहले से खेती छोड़ चुके किसान अब फिर से खेती-किसानी की ओर लौटने लगे हैं।

खेती-किसानी से जुड़ी योजनाओं के बेहतर मॉनिटरिंग और किसानों तक योजनाओं की पहुंच से किसानों को भरपूर फायदा मिल रहा है। छत्तीसगढ़ के किसान अब परंपरागत खेती से आधुनिक खेती की ओर भी बढ़ रहे है। राज्य में ट्रैक्टर सहित अन्य उन्नत कृषि उपकरणों की बिक्री से यह बात साफ हो जाती है। राज्य में राजीव गांधी किसान न्याय योजना से उद्यानिकी फसलों को भी बढ़ावा मिल रहा है। इसी प्रकार बागवानी मिशन और मसालों की खेती की ओर भी किसान आकर्षित हो रहे हैं। यह छत्तीसगढ़ की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत है। सुराजी गांव योजना के तहत गांव के लोगों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराने के लिए रूरल इंडस्ट्रियल पार्क शुरू किए जा रहे हैं। जहां कृषि आधारित तेल मिल, दाल मिल आदि छोटे-छोटे उद्योग लगाए जा रहे हैं, वहीं गोधन न्याय योजना के तहत हजारों-लाखों महिलाओं को वर्मी कम्पोस्ट सहित विभिन्न उत्पादक गतिविधियों में जोड़ा जा रहा है। गौठान बनने से राज्य में पशुओं की खुली चराई पर रोक लगी है। इससे सिंचाई की व्यवस्था रखने वाले किसान अब दोहरी फसल लेने में सक्षम बने।

समर्थन मूल्य में धान खरीदी और राजीव गांधी किसान न्याय योजना ने राज्य के किसानों का हौसला बढ़ी है। वहीं किसानों की सहूलियतों को ध्यान में रखते हुए नवीन धान खरीदी केन्द्र प्रारंभ किए गए। उपार्जन केन्द्र बढ़कर 2 हजार 617 हो गई है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों की माली हालत सुधारने के लिए वर्ष 2018 में लगभग 18 लाख 82 हजार किसानों का कृषि ऋण लगभग 10 हजार करोड़ रूपए माफ किया। इसी तरह 244.18 करोड़ रूपए के सिंचाई कर की माफी ने भी खेती-किसानी और किसानों के दिन बहुराने में महत्वपूर्ण रोल अदा किया है। पिछले चार सालों में विभिन्न माध्यमों से किसानों-मजदूरों और गरीबों की जेब में डेढ़ लाख करोड़ रूपए से अधिक की राशि डाली गई है। इसका परिणाम यह रहा कि कोरोना संकट काल में जहां देश में आर्थिक मंदी रही, वहीं छत्तीसगढ़ में इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

छत्तीसगढ़ में किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर खेती-किसानी और इससे जुड़े उद्यानिकी मत्स्य पालन, पशुपालन, जैसे कार्यों के लिए सहकारी समिति से ऋण प्रदाय करने की योजना और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के साथ-साथ राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत इनपुट सब्सिडी देने जैसे विविध क्रांतिकारी सिद्ध हो रहे हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




# वर्ष 2025 तक टी. बी. मुक्त भारत का संकल्प जनभागीदारी से सम्भव: प्रधानमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वाराणसी में 'वन वर्ल्ड टी. बी. सम्मेलन' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर टी. बी. मुक्त भारत अभियान के तहत नई पहल कार्यक्रम की शुरूआत की गई और राज्यों और जिला स्तर के अधिकारियों को टी. बी. मुक्त भारत अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया है।

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन सहित सभी राज्यों के राज्यपाल एवं स्वास्थ्य मंत्री भी वर्चुअल तरीके से जुड़े।




इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा को भारत फलीभूत कर रहा है। भारत ने 2025 तक टी. बी. मुक्ति करने का संकल्प लिया है जो जनभागीदारी से ही सम्भव होगा। पूरे विश्व में 2030 तक टी. बी. से मुक्ती का लक्ष्य रखा गया है जबकि भारत ने इससे पांच साल पूर्व ही टी. बी. समाप्ति का प्रण लिया है।

श्री मोदी जी ने कहा कि टी. बी. हारेगा और देश जीतेगा। यह प्रयास सबके समन्वय से पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि हम आने वाली पीढ़ियों को टी. बी. से मुक्त भारत की सौगात देंगे। भारत में 10 लाख टी. बी. मरीजों को निक्षय मित्र ने गोद लिया है और वे उनके पोषण एवं दवाइयों का ध्यान रख रहे हैं। भारत सरकार द्वारा टी. बी. मरीजों को सीधे उनके खाते में राशि पहुंचाई जा रही हैं। टी. बी. उन्मूलन के लिए आधुनिक डाटा साइंस का भी उपयोग किया जा रहा है। टी. बी की 80 प्रतिशत दवा भारत में ही बनती है।

इस अवसर पर स्टॉप टी. बी. संस्था की कार्यकारी निदेशक सुश्री लुसिका डीटी, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मनसुख मांडवीया सहित अनेक देशों के प्रतिनिधि एवं राज्यों के प्रतिनिधित्व उपस्थित थे।

## खास खबर

### प्रति एकड़ 20 क्विंटल के समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के निर्णय पर जिले के किसान उत्साहित

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानो के हित को प्राथमिकता देते हुए प्रति एकड़ 20 क्विंटल के समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी करने की घोषणा की है । शासन द्वारा लिए गए इस निर्णय से दुर्ग जिले के किसान अति उत्साहित और खुश हैं। किसानों ने इसे ऐतिहासिक निर्णय के साथ-साथ किसानों के आर्थिक उन्नति दिशा की ओर शासन द्वारा उठाया गया सकरात्मक कदम बताया है। शासन के इस निर्णय पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए ग्राम पंदर के देवेन्द्र चंद्रवंशी ने बताया कि इस निर्णय से उनके ग्राम के सभी किसानों के बीच में उत्साह का संचार तो हुआ ही है और इस निर्णय से आने वाली भावी पीढ़ी भी कृषि को स्वेच्छा से अपनायेगी। उन्होंने आगे कहा कि शासन के विगत 4 वर्षों के कार्यकाल से छत्तीसगढ़ आज धान के उत्पादन की श्रेणी में देश में दूसरे पायदान पर है और शीघ्र ही प्रथम पायदान पर होगा। इसी क्रम में अरसनारा के मंथीर राम साहू ने भी अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के इस निर्णय को सकारात्मक कदम मानते हुए उन्होंने अपने खेत में आज ओल जुताई भी की और अन्य किसान भी गीली मिट्टी को देखते हुए ओल जुताई कर रहे हैं। उन्होंने निर्णय के समर्थन में एक और बहुत बड़ी बात कही कि वो दिन दूर नहीं जब छत्तीसगढ़ का किसान कृषि क्षेत्र में विश्व पटल पर सशक्त होकर उभरेगा।

### विश्व क्षय दिवस पर दिलाई गई क्षय रोग उन्मूलन की शपथ

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डोमन सिंह के मार्गदर्शन में राज्य क्षय कार्यालय से प्राप्त दिशा-निर्देशानुसार जिले में विश्व क्षय दिवस पर 24 मार्च से 13 अप्रैल 2023 तक यस! वी कैन इंड टीबी थीम पर जिला, विकासखण्ड, पंचायत एवं ग्राम स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक बंसोड द्वारा विश्व क्षय दिवस 24 मार्च 2023 को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को क्षय रोग उन्मूलन के संबंध में शपथ दिलाई गई। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 तक एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2023 तक टीबी बीमारी से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने जिले में टीबी रोग की उन्मूलन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा टीबी जांच एवं शीघ्र उपचार से टीबी रोग के उन्मूलन किया जा सकता है।

# हमारी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में और युवाओं के कल्याण के लिए उल्लेखनीय कार्य किए: भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में लगभग 17 करोड़ रूपए के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसमें 10 करोड़ 03 लाख रूपए के लोकार्पण और 6 करोड़ 58 लाख रूपए के शिलान्यास कार्य शामिल हैं। उन्होंने इस अवसर पर परिसर में स्थित बंजारी मंदिर में आदि शक्ति बंजारी माता का दर्शन कर पूजा-अर्चना किए और प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। साथ ही मंदिर परिसर में करीब 3 करोड़ रूपए के कार्यों का लोकार्पण किया।




मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र चाहे वह उच्च शिक्षा हो या स्कूल शिक्षा सभी में उल्लेखनीय कार्य किए हैं और युवाओं के कल्याण के लिए भी कदम उठाए हैं। राज्य सरकार ने आईटीआई के नए ट्रेड प्रारंभ किए है ताकि हमारे युवा नए क्षेत्रों में और बाजार की मांग के अनुरूप रोजगार प्राप्त कर सके। साथ ही हम 01 अप्रैल 2023 से प्रदेश के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को 2500 प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ वर्ष पहले छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कम संख्या में विश्वविद्यालय और कॉलेज थे। मगर अब विश्वविद्यालय की संख्या में अच्छी-खासी बढ़ोत्तरी हो गई है। बड़ी संख्या में कॉलेज खुल गए हैं।

जहां दूरस्थ क्षेत्रों में कॉलेज नहीं थे, वहीं अब वहां के युवाओं को वहीं पढ़ने की सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने इन चार सालों में दो विश्वविद्यालय खोले और 33 नए शासकीय और 76 नए अशासकीय कॉलेज खोले। वहीं इस साल 23 नए कॉलेज भी स्वीकृत हैं। इससे महाविद्यालयों के सीटों की संख्या में 1 लाख से अधिक की बढ़ोत्तरी हुई है। उन्होंने कहा कि सीटों की संख्या बढ़ने से सबसे अधिक गरीब और ग्रामीण क्षेत्रों में छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा, उन्हें पहले सीटों की संख्या कम होने के कारण शासकीय कॉलेज में प्रवेश के लिए दिक्कत होती थी, अब उन्हें शासकीय कॉलेज में आसानी से प्रवेश मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी शिक्षा के लिए आवश्यक है कि शिक्षण संस्थानों में पर्याप्त संख्या में शिक्षक हो, इसलिए हमारी सरकार ने अब तक 1200 सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति कर ली है। साथ ही 40-40 ग्रन्थपाल और क्रीड़ा अधिकारियों की नियुक्ति भी की है। यहीं नहीं स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए और 279 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय खोले और बजट और अन्य घोषणाओं के साथ अब इसकी संख्या 300 से ज्यादा हो जाएगी। इस अवसर पर पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति श्री केशरीलाल वर्मा ने बताया कि पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय देश के 16 विश्वविद्यालयों में से इकलौता विश्वविद्यालय है जो केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा प्रमोशन ऑफ यूनिवर्सिटी रिसर्च एंड साइंस एक्सीलेंस का प्रोजेक्ट मिला है। साथ ही हमारे विश्वविद्यालय का चयन जी-20 यूनिवर्सटी कनेक्ट तहत किया गया है, जिसके तहत हम जी-20 देशों से संबंधित विभिन्न विषयों पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करेंगे।

इस कार्यक्रम में लोकार्पित होने वाले कार्यों में छात्र सदन भवन, ग्रंथालय एवं सूचनाविज्ञान अध्ययनशाला भवन, मूलविज्ञान केंद्र में द्वितीय तल, जैव-प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला भवन में प्रथम तल, पॉवरग्रिड हॉस्टल में द्वितीय तल, ग्रंथालय भवन का विस्तार, नवीनीकृत प्रेक्षागृह-भवन, परिसर में नवनिर्मित उद्यान और पांच भवनों जैविक-भवन, भूगर्भशास्त्र-भवन, कला-भवन, फार्मेसी-भवन, गणित सांख्यिकी भवन में लिफ्ट और शिलान्यास कार्यों में एकीकृत परीक्षा-भवन, नया अतिथि-गृह शामिल है।

# पटरीपार क्षेत्र में हुई कार्रवाई: अनाधिकृत विकास व निर्माण का नियमितिकरण नही कराने वाले दुकान सील



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम क्षेत्र सीमा अंतर्गत अनाधिकृत विकास व निर्माण का नियमितीकरण नहीं करवाने वाले दुकानों पर निगम सख्त। नगर पालिक निगम के द्वारा पटरीपार वार्ड नंबर 59 में समीप भूपाल सिंह,अमित देवांगन,श्रीमती शारदा देवी निर्मित काम्प्लेक्स की दुकानों को सील बंद करने की कार्यवाही की गई।

साथ ही पूनम साड़ी सेंटर के संचालक को एक सप्ताह का समय सीमा में नियमितीकरण आवेदन प्रस्तुत करने हेतु कार्रवाही के दौरान अधिकारी ने दुकान संचालक को निर्देधित किया।शुक्रवार को निगम के भवन अधिकारी प्रकाशचंद थवानी,सहायक भवन अधिकारी गिरीश दीवान,सहायक भवन निरीक्षक व सहायक राजस्व अधिकारी व नोडल अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने क्षेत्र का निरीक्षण किया इस दौरान अनाधिकृत विकास व निर्माण के दायरे में आने वाले लोगों की दुकानें सील की गई। इससे पूर्व निगम ने नियमितीकरण के दायरे में लाने के लिए नोटिस जारी किया जा रहा है!

आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अपील कि है ऐसे लोग जो अनाधिकृत विकास व निर्माण के दायरे में आते हैं और जिन्होंने नियमितीकरण नहीं कराया है वह शीघ्र ही वास्तुविद के माध्यम से नियमितीकरण के लिए निगम में आवेदन प्रस्तुत कर दे। नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत अनाधिकृत विकास व निर्माण को लेकर सर्वे किया जा रहा है।और इन्हें नियमितीकरण के दायरे में लाने के लिए नोटिस थमाया जा रहा है। नोटिस मिलने के बाद भी नियमितीकरण नहीं कराने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों से 20 क्विंटल धान खरीदी करने भूपेश सरकार का फैसला ऐतिहासिक : राजेंद्र साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** भूपेश सरकार द्वारा राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी के फैसले की सर्वत्र सराहना हो रही है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र साहू ने इस फैसले को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा है कि बीते चार साल से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में स्वावलंबनकी ओर छत्तीसगढ़ के किसान निरंतर अग्रसर हो रहे हैं। किसानों की कर्जमाफी, जलकर माफ करने, 25 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, किसानों के लिए सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के साथ ही खाद बीज वितरण की सुचारू व्यवस्था कर भूपेश सरकार ने किसानों की समृद्धि का रास्ता खोला है।

अब भूपेश सरकार ने किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी का फैसला किया है जिससे किसानों में हर्ष है। किसानों में नए उत्साह का संचार हुआ है। इस फैसले से किसान समृद्ध और खुशहाल होने के साथ ही आत्मनिर्भर होंगे। राजेंद्र ने इस फैसले के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सभी मंत्रीगण, विधायक, कांग्रेस पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए राज्य के किसानों को बधाई दी है।

# रिसाली के आउटर में संचालित 3 दुकानों को किया सील

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** चेतावनी और समझाइश का असर नहीं होने पर रिसाली नगर पालिक निगम लगातार सील बंद कार्रवाई कर रही है। नियमितीकरण को नजरअंदाज करने पर निगम के अधिकारियों ने सरस्वतीकुंज पश्चिम में दबिश दी। 3 दुकानों को सील किया।

रिसाली निगम के आयुक्त आशीष देवांगन के निर्देश पर अधिकारी एक माह पहले समझाइश दी थी। वहीं पन्द्रह दिनों पहले यह कहते हुए नोटिस जारी किया था कि अवैध निर्माण करने वाले शासन की योजना के तहत नियमितीकरण के लिए दस्तावेज के साथ आवेदन प्रस्तुत करे। इसके बाद भी अवैध निर्माणकर्ताओं ने रूचि नहीं दिखाई। आयुक्त के आदेश पर लगातार कार्रवाई करते शुक्रवार को राजस्व विभाग के प्रभारी अधिकारी संजय वर्मा के नेतृत्व में टीम ने 3 दुकानों में सील बंद कार्रवाई की।


## अतिशीघ्र आवश्यकता है

एक प्लॉट सेल करने पर 9-10 प्रतिशत तक का ब्रोकरेज
अनुभविकओं के लिए अतिशीघ्र आवश्यकता है...
रियल स्टेट कंपनी में काम किए हुए
अनुभविक एवं फ्रेशर लड़के
एवं लड़कियों की सेल्स एंड मार्केटिंग के लिए...
पार्ट टाइम और फुल टाइम जॉब
सैलरी :-7000-10000/- योग्यता के अनुसार
संपर्क करें : 9109132445
लोकेशनः- भिलाई दुर्ग चरोदा


# महिला आयोग को और होमवर्क की जरूरत

श्रीकंचनपथ




महिलाओं की स्थिति पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने ठीक से होमवर्क नहीं किया है। वैसे भी जिन संस्थाओं में कृपोत्तीर्णों की संख्या ज्यादा हो, नियुक्तियां राजनीतिक दलों द्वारा की जाती हों, उनसे होमवर्क की उम्मीद भी नहीं करनी चाहिए. उनके पास एक एजेंडा होता है। राष्ट्रीय महिला आयोग की स्थिति भी यही है। आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं की स्थिति ठीक नहीं है. यहां आवास नहीं होने के कारण महिलाएं सबसे अधिक प्रताड़ित हो रही हैं. महिला आयोग ने राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो NCRB डेटा का हवाला दिया है। महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामले में छत्तीसगढ़ देश में 17वें स्थान पर है। इस सूची में असम टॉप पर है जबकि दिल्ली, ओड़ीशा, हरियाणा, तेलंगाना, राजस्थान, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश का नाम पहले आता है. महिलाओं के खिलाफअपराध कहीं भी हो, यह राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय चिंता का विषय होना ही चाहिए। पर उन्हें यह नहीं कहना चाहिए था कि छत्तीसगढ़ की महिलाएं जागरूक नहीं हैं। छत्तीसगढ़ उंगलियों पर गिने जा सकने वाले भारत के उन चंद राज्यों में शामिल है जहां सामाजिक तौर पर महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार प्राप्त हैं. हालांकि, इसमें किसी भी दल की सरकार का कोई हाथ नहीं है. यह छत्तीसगढ़ की समतावादी समाज व्यवस्था का परिणाम है. तीज त्यौहार से लेकर वैवाहिक संबंधों तक के मामलों में छत्तीसगढ़ की महिलाएं सदियों से पूरे देश की तुलना में कहीं ज्यादा मुखर हैं. एक छोटे से गांव गनियारी से निकली तीजन बाई ने सामाजिक बेड़ियों को तोड़ते हुए कापालिक शैली में पंडवानी गायन शुरू किया. उन्हें देश का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान पद्मविभूषण प्रदान किया गया. गुंडरदेही की शमशाद बेगम को साक्षरता और नशामुक्ति, सुकुलदैहान की फूलबासन बाई यादव को महिला सशक्तिकरण, भिलाई की उषा बारले को पंडवानी, दुर्ग की डॉ मोक्षदा (ममता) चन्द्राकर को लोकगायन, दुर्ग की सबा अंजुम को भारतीय महिला हाकी टीम का प्रतिनिधित्व करने, साहित्यकार मेहरूनिशा परवेज और समाजसेविका राजमोहिनी देवी को पद्मपुरस्कार से नवाजा जा चुका है। उच्च शिक्षा की बात करें तो यहां प्राचार्य से लेकर कुलपति तक के पद पर महिलाएं सफलतापूर्वक काम कर रही हैं. छत्तीसगढ़ में स्वावलंबी महिलाओं की संख्या भी अन्य राज्यों के मुकाबले कहीं ज्यादा है. हालांकि, उन्होंने एक बात सही कही कि छत्तीसगढ़ की महिलाएं बात-बात पर थाना-पुलिस नहीं करतीं. पर इसका कारण यह नहीं है कि उनमें जागरूकता की कमी है. दरअसल, उन्हें पता है कि किन मामलों में कानूनी उपचारों की जरूरत होती है और कौन से मामले सामाजिक तौर पर सुलझाए जाने चाहिए. महिलाओं पर होने वाली घरेलू हिंसा को रोकने के लिए जितना प्रभावी कदम महिला स्व सहायता समूहों ने उठाया है, उतना किसी पुलिस के बस का नहीं था. दु:खद यह है कि महिलाओं की ये उपलब्धियां स्वयं महिलाओं की शीर्ष संस्थाओं को दिखाई नहीं देती ।


## आवश्यकता है

लड़के एवं लड़कियों की
वेतन चार अंकों में
भिलाई मसाला उद्योग
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766






# पोषण पखवाड़ाः छत्तीसगढ़ मना रहा मिलेट्स त्यौहार

### पोषण के पावर हाउस 'मिलेट्स' के फायदों के बारे में लोगों को किया जा रहा जागरूक

### आहार में पारम्परिक पौष्टिक अन्न को अपनाने किया जा रहा प्रेरित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** बच्चों तथा महिलाओं के पोषण एवं स्वास्थ्य देखभाल संबंधी जागरूकता और आदतों में सुधार लाने के लिए प्रदेश में 20 मार्च से पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित पोषण पखवाड़ा 03 अप्रैल तक चलेगा। वर्ष 2023 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इंटरनेशनल मिलेट वर्ष घोषित किया गया है। इसे ध्यान में रखते हुए इस साल पोषण पखवाड़ा को छत्तीसगढ़ में मिलेट्स त्यौहार के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान लोगों को पोषण के पावर हाउस मतलब मिलेट्स के फायदों के बारे में जानकारी देकर उन्हें इस पारम्परिक पौष्टिक अन्न को दैनिक आहार में शामिल करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए विशेष थीम के अनुसार कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

गौरतलब है कि मिलेट्स (मोटे अनाज) जैसे कोदो, कुटकी, रागी एक पौष्टिक खाद्य विकल्प हैं जो दैनिक पोषण आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद कर सकते हैं। यह शिशुवती महिलाओं के लिए भी बेहद फायदेमंद होते है। इनमें कैल्शियम, आयरन, प्रोटीन, मिनरल्स जैसे पोषक तत्व प्रचुरता से होते हैं। इसे देखते हुए पोषण कल्याण के लिए अन्न अर्थात् मिलेट्स का प्रचार-प्रसार कर उसकी लोकप्रियता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा स्वस्थ बालक-बालिका स्पर्धा के



अंतर्गत छह वर्ष तक के बच्चों का वजन, लंबाई एवं ऊंचाई मापन कर बच्चों में पोषण स्थिति की जानकारी भी ली जा रही हैं। सक्षम आंगनबाड़ी के प्रति जनसमुदाय को जागरूक करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। पोषण पखवाड़े के प्रत्येक दिन के लिए कलेण्डर अनुसार गतिविधियां निर्धारित की गई है। इसके अनुसार प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर पोषण सम्बन्धित व्यवहार परिवर्तन का प्रयास किया जा रहा है। इन समस्त गतिविधियों को पोषण ट्रैकर ऐप में प्रतिदिन इन्द्राज भी किया जा रहा है। पोषण जागरूकता के लिए प्रदेशभर में जागरूकता रथ, बाइक रैली निकाली जा रही हैं। प्रमुख पंचायतों एवं हाट-बाजारों में महिलाओं एवं बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं देखभाल संबंधी उचित आदतों के विकास एवं सुधार के संबन्ध में वीडियो क्लिप का प्रदर्शन करते हुए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, ग्राम पंचायतों में लोगों को सुपोषण के संबंध में जानकारी दी जा रही हैं और मिलेट्स को आहार में शामिल करने के फायदे समझाए जा रहे हैं। मिलेट्स से बने व्यंजनों की प्रतियोगिता, प्रदर्शनी एवं मिलेट्स जागरूकता कैम्प भी आयोजित किए जा रहे हैं। कई स्वसहायता समूह मिलेट्स से बने तिरंगा थाली के प्रदर्शन से मिलेट्स का महत्व बता रहे हैं। पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत समुदाय आधारित गतिविधियों जैसे-सुपोषण चौपाल, महिला समूहों की बैठक, पालको का बैठक करना तथा लिंग संवेदनशील, जल प्रबंधन, एनीमिया की रोकथाम व प्रबंधन के प्रति जागरूकता कार्यक्रम को भी शामिल किया गया है। इसमें स्वास्थ्य, पंचायत सहित विभिन्न विभागों का समन्वय भी लिया जा रहा है।

## खास खबर...



### गरीबों के चावल की गड़बड़ी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाईः सीएम

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि गरीबों के चावल की गड़बड़ी करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा। राशन की हेराफेरी में शामिल लोगों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर खाद्य विभाग के अधिकारियों को प्रथम दृष्टया में राशन के बचत स्टॉक की कमी पाए जाने वाले उचित मूल्य दुकानों की विस्तृत जांच रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सितम्बर 2022 में जिन उचित मूल्य दुकानों में बचत स्टॉक में कमी पायी गई है, उन दुकानों में स्टॉक में कमी के वास्तविक कारणों का परीक्षण किया जाए। अनियमितता पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए तथा इसकी रिपोर्ट खाद्य विभाग को भेजी जाए। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने यह भी बताया कि उचित मूल्य दुकानों में सितम्बर 2022 में राशन सामग्री के बचत स्टॉक के सत्यापन के सिलसिले में 13 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज किया गया है। 161 उचित मूल्य दुकानों का आबंटन निलंबित किया गया है तथा 140 दुकानों का आबंटन निरस्त किया गया है।

### 10वीं, 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण शिक्षित युवाओं के लिए 27 मार्च को प्लेसमेंट कैम्प

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 27 मार्च को स्थान जिला रोजगार कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, रायपुर में सुबह 11 बजे से शाम 2 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प आयोजित होगा। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से उमादेवी बहुउद्देशीय शिक्षा एवं विकास संस्थान, रायपुर, रेसीलेंट इनोवेशन प्रायवेट लिमिटेड, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं बजाज फायनेंस लिमिटेड, रायपुर द्वारा डी.टी.पी. ट्रेनर, सिलाई ट्रेनर, मोबीलाईजर, कार ड्रायवर, सेल्स एक्सीक्यूटीव एवं सेल्स ऑफिसर के 68 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए 10वी,12वीं, स्नातक, कम्प्यूटर एवं सिलाई में डिप्लोना उत्तीर्ण आवेदकों की भर्ती की जाएगी। भर्ती उपरांत 8 से 15 हजार रुपए प्रतिमाह की दर पर भुगतान किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित हो सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार कार्यालय रायपुर में भी संपर्क कर सकते है।

# लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के विचार और कार्य पूरे देश के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणादायकः सीएम बघेल

### मुख्यमंत्री बघेल ने 'भारत रत्न' सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का किया अनावरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के मंडी रोड स्थित लाल चौक में राष्ट्रीय एकता एवं संप्रभुता के प्रतिपालक सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की कीर्ति भारत के लौह पुरूष के रूप में है। वे अग्रणी स्वंत्रतता संग्राम सेनानी, किसान नेता थे। देश के एकीकरण में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। सरदार वल्लभ भाई के विचार व कार्य सिर्फ गुजराती समाज ही नहीं पूरे देश के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणादायक हैं।




इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल ने कच्छ कड़वा पाटीदार समाज की मांग पर चौक में बिजली के तारों को अंडरग्राउंड करने की सहमति दी। इस अवसर पर विधायक और छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण मण्डल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा ने कहा कि सरदार पटेल न सिर्फ आजादी के आंदोलन के मुख्य सूत्रधार रहे, बल्कि एक दूरदर्शी, सेवाभावी व प्रतिबद्धतापूर्ण राजनेता थे, जिन्होंने नव स्वतंत्र भारत में राष्ट्रीय एकता के लिए अपना जीवन समर्पित किया। महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि सरदार पटेल की मूर्ति स्थापित होने से समाज गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने समाज के लोगों को बधाई दी। पाटीदार समाज के अध्यक्ष मोहन भाई पटेल ने कहा कि लौह पुरूष के रूप में प्रतिष्ठित सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति अनावरण के लिए मुख्यमंत्री को साधुवाद दिया।

इस अवसर पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ योग आयोग ज्ञानेश शर्मा, अध्यक्ष, संस्कृति, पर्यटन एवं मनोरंजन विभाग, नगर पालिका निगम रायपुर आकाश तिवारी, अध्यक्ष एवं पार्षद, जोन क्र.-02, नगर पालिका निगम हरदीप सिंह (बंटी) होरा, पार्षद, राजीव गांधी वार्ड तिलक पटेल, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, पाटीदार समाज के महामंत्री, नरसिंह भाई पटेल, पूर्व अध्यक्ष, पाटीदार समाज मगन भाई पटेल सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

### तीन फीट ऊंची एवं ढाई फीट चौड़ी 65 किलो वजनी प्रतिमा का हुआ अनावरण

लौह पुरूष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा की स्थापना रायपुर (उत्तर) विधानसभा क्षेत्र के टिम्बर मार्केट प्रक्षेत्र में की गई है। रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा गुजराती समाज एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अनुमोदन उपरांत उक्त प्रतिमा का प्रारूप तैयार कराया गया। लगभग 65 कि.ग्रा. की 14 लाख 50 हजार रुपए से बनी यह प्रतिमा तीन फीट ऊंची एवं ढाई फीट चौड़ी है। लौह पुरूष की यह प्रतिमा जी.एफ. आर.पी. से बनी है, जो उत्कृष्ट संक्षारण और थर्मल प्रतिरोधी है। प्रतिमा का निर्माण स्थानीय मूर्तिकार बिजॉय गोपाल घोष द्वारा किया गया है एवं चौक सौंदर्यीकरण नगर निगम द्वारा कराया गया है। प्रतिमा स्थल पर ग्रेनाइट से निर्मित चबूतरे का निर्माण कर लाइटिंग एवं एक्रेलिक बोर्ड से सजावट की गई है।

# स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने सोनोग्राफी सेंटर्स के नियमित निरीक्षण के दिए निर्देश

### स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- पीसीपीएनडीटी एक्ट के उल्लंघन पर कार्रवाई करें



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टीएस सिंहदेव ने पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत सोनोग्राफी सेंटर्स के नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने एक्ट का उल्लंघन करने वाले सेंटर्स पर नियमानुसार कार्रवाई करने को भी कहा है। श्री सिंहदेव ने नवा रायपुर के स्वास्थ्य भवन में आयोजित पीसीपीएनडीटी एक्ट के राज्य पर्यवेक्षक मंडल की बैठक में अधिकारियों को प्रत्येक सेंटर का वर्ष में कम से कम एक बार अनिवार्यतः निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एक्ट के प्रावधानों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी करने कहा। पर्यवेक्षक मंडल की सदस्य विधायक डॉ. अंबिका सिंहदेव और उत्तरी जांगड़े, स्वास्थ्य विभाग के सचिव प्रसन्ना आर., स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक भीम सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोसकर विलास संदिपान और डॉ. चंद्रिका साहू सहित अन्य सदस्य भी बैठक में शामिल हुए। पीसीपीएनडीटी एक्ट के संयुक्त संचालक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने राज्य पर्यवेक्षक मंडल की बैठक में बताया कि राज्य के 14 जिलों के 56 सोनोग्राफी सेंटर्स का राज्य स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान एक्ट का उल्लंघन पाए जाने पर 14 सेंटर्स को नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर गठित निरीक्षण दलों द्वारा 853 केंद्रों का निरीक्षण कर एक्ट का उल्लंघन करने वाले 23 सेंटर्स के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिला स्तरीय दलों द्वारा 16 सेंटर्स को नोटिस जारी करने, पांच सेंटर्स को सील करने और दो सेंटर्स के निलंबन की कार्रवाई की गई है।

बैठक में प्रदेश में एआरटी एवं सरोगेसी एक्ट, 2021 के क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई। संयुक्त संचालक डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि एक्ट के अंतर्गत राज्य में 34 एआरटी क्लिनिक, दस एआरटी बैंक और 12 सरोगेसी क्लिनिक पंजीकृत हैं। एक्ट के प्रावधान के अनुसार इनके निरीक्षण के लिए राज्य स्तरीय दल का गठन किया जा चुका है। बैठक में एक्ट के क्रियान्वयन के लिए मानव संसाधन रखने की अनुमति भी प्रदान की गई।

# टीबी उन्मूलन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ के 4 जिले सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** विश्व क्षय दिवस पर टीबी उन्मूलन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ के चार जिलों को सम्मानित किया गया। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में वाराणसी में आयोजित वर्ल्ड टीबी समिट में गरियाबंद को रजत पदक तथा बस्तर, धमतरी और बलौदाबाजार-भाटापारा जिले को कांस्य पदक प्रदान किया गया। समिट में पिछले सात वर्षों में टीबी के संक्रमण दर में 40 प्रतिशत तक की कमी लाने वाले जिलों को रजत पदक और 20 प्रतिशत तक की कमी लाने वाले जिलों को कांस्य पदक प्रदान किया गया।

सब-नेशनल सर्टिफिकेशन के दौरान नामांकित जिलों के चिन्हांकित गांवों में सर्वे, स्पुटम कलेक्शन और जांच के साथ विगत सात वर्षों के रिकॉर्ड्स का भी विश्लेषण एवं मूल्यांकन किया गया। स्वतंत्र बाह्य मूल्याकंन की इस प्रक्रिया में नामांकित जिलों में 2015 की स्थिति से वर्तमान में मरीजों के संक्रमण दर में कितनी कमी आई, इसका मूल्यांकन कर उपलब्धियों के आधार पर जिलों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल दिया गया। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के उप संचालक डॉ. धर्मेन्द्र गहवई और राज्य क्षय इकाई के अधिकारियों ने भी वाराणसी में आयोजित समिट में हिस्सा लिया।

वर्ल्ड टीबी समिट में टीबी रोग को खत्म करने के लिए किए जा रहे भारत के संयुक्त प्रयास के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। राज्य और केंद्र सरकारें टीबी के उन्मूलन के लिए सक्रिय केस फाइंडिंग पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। उद्यमियों की सहायता से परीक्षण की क्षमता को बढ़ाया जा रहा है। मरीजों को पोषण संबंधी मदद के लिए समुदाय बड़े पैमाने पर आगे आ रहा है। इन संयुक्त प्रयासों के कारण भारत ने क्षय रोग के उन्मूलन के लक्ष्य को वर्ष 2025 तक निर्धारित किया है जबकि सतत विकास लक्ष्यों के तहत अन्य देशों द्वारा विश्व मंच पर वर्ष 2030 तक इस लक्ष्य को प्राप्त किया जाना निर्धारित किया है। विश्व क्षय दिवस पर छत्तीसगढ़ में भी सभी जिलों में टीबी के प्रति जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें शपथ ग्रहण, माइकिंग, नुक्कड़ नाटक, रैली तथा टीबी के मरीजों को नि:शुल्क पोषण आहार वितरण जैसी गतिविधियां शामिल हैं।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# मच्छर के काटने से बचने के लिए घर पर बनाएं मॉस्किटो स्प्रे

## सुरक्षित रहेगा आपका परिवार

**घर के अंदर और बाहर सबसे अधिक सताने वाले कीटों में से एक मच्छर हैं। इनके काटने से जीका वायरस, डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां फैलती हैं। हालांकि, बाजार में मच्छर मारने के लिए कई स्प्रे उपलब्ध हैं, लेकिन वह फेफड़ों को प्रभावित कर सकते हैं। इसके बजाय आपको मच्छर से बचने के लिए घर पर भी मॉस्किटो स्प्रे बनाना चाहिए। आइए आज हम आपको घर पर ही मॉस्किटो स्प्रे बनाने की प्रक्रिया बताते हैं।**

### नीम और नारियल तेल का स्प्रे

एंटीसेप्टिक और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर नीम में तेज गंध होती है, जो मच्छरों को दूर रखती है। वहीं नारियल के तेल में पाए जाने वाले फैटी एसिड मच्छरों को दूर भगाने में मददगार है। लाभ के लिए नीम के तेल को नारियल के तेल में मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक स्प्रे की बोतल में भर लें। इसके साथ ही उबला हुआ पानी और विच हेजल भी बोतल में डालकर मिश्रण को अच्छे से मिलाएं।

### वेनिला, नींबू का रस और लैवेंडर ऑयल का स्प्रे

लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की महक हमारे लिए सुखदायक हो सकती है, लेकिन मच्छरों के लिए नहीं। इसमें लिनालूल, लिमोनेन, कपूर और नीलगिरी जैसे यौगिक मौजूद होते हैं, जो मच्छरों को दूर भगाते हैं। इसके अलावा नींबू की अम्लीय प्रकृति भी मच्छरों को दूर रखने में मदद करती है। लाभ के लिए लैवेंडर ऑयल में वेनिला एसेंस मिलाएं और फिर उसमें नींबू का रस और आसुत जल डालकर मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालकर इस्तेमाल करें।

### सेब का सिरका और पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल का स्प्रे

आसपास के मच्छर भगाने के लिए सेब के सिरके की महक भी काफी प्रभावी है। यदि आप इसका नियमित रूप से सेवन करते हैं तो आपके शरीर की प्राकृतिक गंध बदल जाएगी, जो मच्छरों को दूर रखने में मदद करेगी। मॉस्किटो स्प्रे बनाने के लिए सेब के सिरके को थोड़े से पानी के साथ मिलाएं और फिर उसमें पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल डालकर अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालकर आवश्यकतानुसार इस्तेमाल करें।



### दालचीनी का तेल और पानी का स्प्रे

दालचीनी के तेल में यूजेनॉल, सिनामाइल एसीटेट, एनेथोल और सिनामाल्डिहाइड जैसे शक्तिशाली यौगिक मौजूद होते हैं। इस कारण यह मच्छर को मारने में मददगार है। ताइवान में हुए एक अध्ययन के अनुसार, दालचीनी का तेल मच्छरों के अंडों को मारने में प्रभावी रहा है। लाभ के लिए दालचीनी के तेल की लगभग 24 बूंदों को पानी में मिलाएं और फिर इसे एक स्प्रे बोतल में डाल दें। आप इसे अपने घर, पौधों, त्वचा और कपड़ों पर स्प्रे कर सकते हैं।

### लेमनग्रास ऑयल व रोजमेरी ऑयल का स्प्रे

लेमनग्रास ऑयल में मौजूद लिमोनेन और सिट्रोनेला मच्छरों को दूर रखने में मदद करता है। दूसरी ओर रोजमेरी के तेल में लिमोनेन, कपूर और नीलगिरी होता है, जो हर्बल मच्छर भगाने का काम करते हैं। लाभ के लिए लेमनग्रास ऑयल को रोजमेरी ऑयल और जैतून के तेल के साथ मिलाएं। अब इस मिश्रण में उबला हुआ पानी और विच हेजल डालकर मिला लें। अंत में इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालकर इस्तेमाल करें।



## ब्लैक थाई स्लिट गाउन में हिना खान ने लगाया

# बोल्डनेस का तड़का

टीवी एक्ट्रेस हिना खान आए दिन अपने बोल्ड लुक्स से फैंस को इंप्रैस करती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट ब्लैक कट आउट गाउन में फोटोज शेयर की हैं जिसमें उनकी हॉटनेस थमने का नाम नहीं ले रही हैं। हिना खान सोशल मीडिया सेंसेशन हैं और आए दिन अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर अपलोड करती रहती हैं। हाल ही में आइकोनिक गोल्ड अवार्ड्स 2023 के इवेंट में हिना खान का लुक देख कर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक्ट्रेस हिना खान की एक झलक पाने के लिए फैंस अक्सर बेताब रहते हैं। हालांकि वो भी फैंस को निराश नहीं करती हैं। लेटेस्ट तस्वीरों में एक्ट्रेस हिना खान ने ब्लैक कलर की रिवीलिंग ड्रेस पहन कर हुस्न के जलवे बिखेरे हैं। बता दें कि हिना खान ने अपने लुक को और भी ज्यादा एलिगेंस बनाने के लिए हैंगिंग डायमंड ईयररिंग्स कैरी किए हैं और एक हाथ में मैचिंग का डायमंड ब्रेसलेट पहना है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने ब्राउनिश मेकअप किया है और साथ ही न्यूड लिप्सटिक लगाकर अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। अपने इस लुक में अभिनेत्री हिना खान काफी अट्रैक्टिव दिख रही हैं। हालांकि एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर लोग लाख से भी ज्यादा लाइक्स कर चुके हैं। यूजर्स ने एक्ट्रेस की तस्वीरों पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- हॉटनेस ओवरलोडेड, टू हॉट टू हेंडल, सिजलिंग एंड हॉट।

## मेरा किरदार जब वी मेट में करीना कपूर के किरदार जैसा है : दीपिका अग्रवाल



साथ निभाना साथिया 2 की अभिनेत्री दीपिका अग्रवाल ने अपनी आने वाली पंजाबी फिल्म ऊंचा दर बाबे नानक दा में जब वी मेट में बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर द्वारा अभिनीत गीत जैसा ही किरदार निभाने के बारे में बात की। जिमी शेरगिल के साथ एक पंजाबी फिल्म मिलने के बारे में जानकारी देते हुए दीपिका ने कहा, मैं इतने प्रतिभाशाली अभिनेताओं के साथ काम करने और इस अमेजिंग प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का अवसर पाकर बेहद धन्य महसूस कर रही हूं। फिल्म की शूटिंग कनाडा और जालंधर के खूबसूरत लोकेशंस पर होने वाली है। जब वी मेट में करीना कपूर के किरदार जैसी भूमिका निभाना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है। अभिनेत्री ने कहा कि मैं अपने प्रशंसकों से मिले प्यार और समर्थन के लिए आभारी हूं, और इस किरदार के साथ न्याय करने की उम्मीद करती हूं।

दीपिका इससे पहले साथ निभाना साथिया 2 में नजर आ चुकी हैं, जहां उन्होंने एक फैशन डिजाइनर की भूमिका निभाई थी। दीपिका ने पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में फिल्म जी वाइफ की मूवी से डेब्यू किया था। वह कई अन्य टीवी शो और फिल्मों में भी दिखाई दी हैं।



# समय से पहले सफेद बालों से बचने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके

बढ़ती उम्र के साथ बाल सफेद होना आम बात है, लेकिन आजकल कम उम्र में ही कई लोगों के बाल सफेद हो रहे हैं। बालों में मेलनिन नाम का पिग्मेंट पाया जाता है, जो उम्र बढ़ने के साथ-साथ कम होने लगता है और बाल सफेद होने लगते हैं। अगर आप समय से पहले अपने बाल सफेद होने की समस्या से बचना चाहते है तो आइए आज हम आपको इसके लिए पांच तरीके बताते हैं।

### आंवला है प्रभावी

एंटी-ऑक्सिडेंट से भरपूर आंवला का उपयोग बालों को सफेद होने से बचाने के लिए हेयर टॉनिक के रूप में किया जा सकता है क्योंकि यह न केवल बालों के विकास और मजबूती को बढ़ावा देता है बल्कि बालों के मेलनिन को भी बढ़ाता है। लाभ के लिए कुछ आंवलों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर इन्हें एक गिलास पानी में डालकर उबाल लें। अब मिश्रण को ठंडा होने करके इसे सिर पर लगाएं, फिर सिर को सामान्य तरीके से धो लें।

### नारियल के तेल से करें सिर की मालिश

नारियल का तेल अपने मॉइस्चराइजिंग गुणों के कारण सफेद बालों को कम करने और इसे पोषण देने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए अपने स्कैल्प और बालों पर वर्जिन नारियल का तेल लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें। इसे एक घंटे के लिए छोड़ दें, फिर सिर को हल्के क्लींजर से धो लें। इसके बाद सिर पर कंडीशनर का भी इस्तेमाल करें। हफ्ते में 1-2 बार ऐसा करें।

### एलोवेरा लगाएं

एलोवेरा में कैल्शियम, सेलेनियम, जिंक, और कॉपर जैसे खनिज होते हैं, जो बालों के मेलनिन को बढ़ाकर बालों को समय से पहले सफेद होने से बचा सकते हैं। लाभ के लिए एक कप ताजा एलोवेरा जेल लें और फिर इसे मेंहदी या कॉफी के साथ मिलाकर इसका इस्तेमाल करें। इस मिश्रण को सिर पर लगाएं और जब यह सूख जाए तो सिर को पानी से धो लें।

### करी पत्ता आएगा काम

करी पत्ते के अर्क में बायोएक्टिव यौगिक होते हैं, बालों को समय से पहले सफेद होने से बचाने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए एक कप नारियल के तेल में 15-20 करी पत्ते डालकर उबालें और फिर जब तेल का रंग काला हो जाए तो गैस बंद कर दें। तेल को ठंडा करके इसे सिर पर लगाएं और 1 घंटे के बाद सिर को माइल्ड क्लींजर से साफ कर लें।

### ब्लैक कॉफी का करें इस्तेमाल

ब्लैक कॉफी का इस्तेमाल भी बालों को समय से पहले सफेद होने से बचा सकता है। लाभ के लिए 2 से 3 कप पानी उबालें और एक दूसरे कप में 4 से 5 चम्मच कॉफी पाउडर को थोड़े से सादे पानी के साथ मिलाएं। अब कॉफी के मिश्रण को उबले हुए पानी में मिलाएं, फिर इसे ठंडा करके सिर पर लगाएं और 20-30 मिनट के बाद सिर को पानी से धो लें।

# अपारशक्ति खुराना की वेब सीरीज जुबली का ट्रेलर जारी, प्राइम वीडियो पर होगी रिलीज

मौजूदा वक्त में अभिनेता अपारशक्ति खुराना अपनी आगामी वेब सीरीज जुबली को लेकर चर्चा में हैं, जिसका दर्शक ब्रेसबी से इंतजार कर रहे हैं। निर्माताओं ने जुबली का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे प्रशंसकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। अपारशक्ति के अलावा जुबली वेब सीरीज में प्रसनजीत चटर्जी, अदिति राव हैदरी, वामिका गब्बी, सिद्धांत गुप्ता, नंदीश संधू और राम कपूर जैसे अन्य कलाकार भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं।

जुबली अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी। विक्रमादित्य मोटवानी द्वारा निर्देशित इस सीरीज में कुल 10 एपिसोड हैं। सीरीज का पहला भाग 7 अप्रैल को रिलीज होगा, जिसमें कुल 5 एपिसोड शामिल होंगे। इसका दूसरा भाग 14 अप्रैल को स्ट्रीम होगा, जिसमें दर्शक 6 से 10 तक एपिसोड देख सकेंगे। इसकी कहानी प्यार और जुनूनियत पर आधारित होगी, जिसमें लोग अपने सपनों, जुनून और प्यार को पाने के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार हैं।

इस सीरीज का निर्माण रिलायंस एंटरटेनमेंट और फैंटम स्टूडियोज के सहयोग से आंदोलन फिल्म्स द्वारा किया गया है। इसमें प्रोसेनजीत चटर्जी, अदिति राव हैदरी, अपारशक्ति खुराना, वामिका गब्बी, सिद्धांत गुप्ता, नंदीश संधू और राम कपूर विभिन्न मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

इंडिया ओरिजिनल्स, प्राइम वीडियो की प्रमुख अपर्णा पुरोहित ने अपने एक बयान में मोटवाने के इस फिल्म को लेकर कहा, जुबली सिनेमा के जादू का उत्सव है; यह उन सभी कलाकारों और तकनीशियनों को श्रद्धांजलि है, जो हमारे लिए पर्दे पर यह जादू बुनते हैं। कहानी तीन युवा पात्रों के परीक्षणों और क्लेशों का अनुसरण करती है, क्योंकि वे फिल्म उद्योग का हिस्सा बनने के लिए अपनी यात्रा पर निकलते हैं।


दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### वर्तमान में साईबर अपराध है एक ज्वलंत मुद्दा, इससे निपटने जागरूकता है जरूरी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नवा-रायपुर स्थित पुलिस मुख्यालय में आज पुलिस विभाग और सेंटर फॉर डेव्हलपमेंट ऑफएडवांस्ड कम्प्यूटिंग (सीडैक) के संयुक्त तत्वाधान में साईबर अपराध विषय पर 11 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हुआ। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा के निर्देशन में गत 13 मार्च से आयोजित इस कार्यशाला के समापन समारोह की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, प्रशासन हिमांशु गुप्ता ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में साईबर अपराध एक ज्वलंत मुद्दा है, जिससे निपटने के लिए सीडैक ने इस कोर्स को बहुत अच्छे तरीके से संचालित कर पुलिस अधिकारियों को साईबर अपराध विषय पर जागरूक किया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आईटी, रोबोटिक्स आदि नई-नई तकनीकियों के विकास होने के कारण अपराधी, अपराध हेतु नये-नये तरीकों को अपनाने लगे है। उन्होने प्रतिभागियों से आव्हान किया कि समय के साथ सभी अपने आप को अपडेट करते रहें और प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभवों को अधीनस्थों के साथ भी साझा करें। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं प्रदीप गुप्ता ने कहा कि सीडैक ने प्रतिभागियों को बहुत अच्छी ट्रेनिंग दी है। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि प्रशिक्षण में जो जानकारी मिली है, उसका मैदानी अमला अच्छा उपयोग करें। यह प्रशिक्षण अपराधों के अन्वेषण में पुलिस अधिकारियों के लिए काफी मददगार साबित होगा। सीडैक के सीनियर डॉयरेक्टर श्री नवीन कुमार जैन ने कहा कि देश में डिजिटाईजेशन के बढ़ते रूप को देखते हुए साईबर अपराध को रोकने के लिए पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है। उन्होने आश्वस्त किया कि भविष्य में सीडैक पुलिस विभाग को सहयोग देता रहेगा।

### एसएनसीयू की क्षमता 40 बेड करने भेजा जाएगा प्रस्ताव, नवजात शिशु के स्वास्थ्य पर रहेगा विशेष फोकस

**दुर्ग।** जिला अस्पताल में नवजात शिशुओं के लिए एसएनसीयू आरंभ किया गया है। अभी इसकी क्षमता 18 बेड की है। नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य पर विशेष फोकस करने के लिए इसकी क्षमता 40 बेड तक की जाएगी। इसके लिए शासन के समक्ष प्रस्ताव भेजा जाएगा। यह निर्णय कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि एनआरसी के माध्यम से कुपोषित बच्चों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। इसके साथ यह भी जरूरी है कि एनआरसी में मिले सुपोषण को बच्चा कायम रख सके। इसके लिए माँ को वहीं पर प्रशिक्षित करना भी जरूरी है। पंद्रह दिनों के दौरान जब माँ बच्चे के साथ एनआरसी में रहती है तो वहां पर पोषित भोजन एवं इसे बनाने के तरीके बताएं जाएं, साथ ही इन्हें खिलाने का नियमित समय भी बच्चों को बताया जाए। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाएं प्रशासन के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता हैं और इसके लिए हर संभव संसाधन लगाए जाएंगे। बैठक में सीएमएचओ डा. जेपी मेश्राम एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने कहा कि टीकाकरण ऐसा क्षेत्र है जिस पर सबसे अधिक फोकस होना चाहिए। शतप्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य लेकर कार्य करें। जिन सेक्टर्स में यह लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है उनके सिटी प्रोजेक्ट मैनेजर की कलेक्टर ने प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से इस बात की मानिटरिंग होती रहे कि टीके समय पर लग रहे हैं या नहीं। कलेक्टर ने एएनसी के आंकड़ों पर भी समीक्षा की।

## महाविद्यालय में ई-लाइब्रेरी की स्थापना की घोषणा

# शासकीय नागार्जुन महाविद्यालय को 'छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस' के रूप में विकसित किया जाएगाः मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के शासकीय नागार्जुन स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय रायपुर को 'छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफसाइंस' के रूप में विकसित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इस महाविद्यालय के 'हीरक जयंती समारोह' में छात्रों और कॉलेज के प्राचार्य के आग्रह पर यह घोषणा करते हुए कहा कि माता-पिता, मातृभूमि और गुरुओं के ऋण से उऋण नहीं हुआ जा सकता। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री बघेल स्वयं इस कॉलेज के छात्र रहे हैं।




उन्होंने कहा कि इस कॉलेज को 'छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफसाइंस' के रूप में विकसित करने के लिए राज्य शासन के स्तर से हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों की मांग पर इस महाविद्यालय में ई-लाइब्रेरी की स्थापना की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आज इस ऑडिटोरियम में कॉलेज का हीरक जयंती समारोह आयोजित हो रहा है, यह ऑडिटोरियम पंडित दीनदयाल जी के नाम पर है, चूंकि इसके लिए जमीन साइंस कालेज से दी गई थी, इसलिए ऑडिटोरियम के नाम में शासकीय नागार्जुन स्नात्तकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय का नाम भी शामिल किया जाएगा।

कार्यक्रम में इस कॉलेज के भूतपूर्व छात्र और वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन, पदमश्री सम्मान से सम्मानित डॉ. ए.टी.के. दाबके, वर्ष 1948 में कॉलेज के प्रथम बैच के छात्र रहे डॉ. आर.एस. गुप्ता सहित श्री विद्या भूषण शुक्ला, श्री अनिल पुसदकर, श्री अंजय शुक्ल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर हीरक जयंती समारोह का शुभारंभ किया। समारोह के प्रारंभ में कॉलेज की छात्राओं ने राज्य गीत 'अरपा पैरी के धार.....' का गायन किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हीरक जयंती समारोह में अपने कॉलेज के जमाने के सहपाठियों को याद करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित साथियों के नाम पुकारे और उनसे जुड़े रोचक संस्मरण भी सुनाए। उन्होंने कहा कि कुछ साथी स्कूल में छूट जाते हैं और कुछ महाविद्यालय में बिछड़ जाते हैं। पर कभी जिन्दगी के किसी मोड़ पर जब उनसे मुलाकात होती है, तो बेहद खुशी मिलती है।

मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय के वर्तमान छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि देश और प्रदेश को आप से बड़ी उम्मीदें हैं, आप हमसे भी ज्यादा ऊंचाइयां छुएं, इस महाविद्यालय के छात्रों ने हर क्षेत्र में श्रेष्ठ स्थान हासिल कर इस महाविद्यालय का नाम रोशन किया है, कॉलेज में बिताया समय जीवन का बहुत ही महत्वपूर्ण समय होता है। इसी दौर में हम अपने सपनों को बुनते हैं, उन्हें पूरा करने का प्रयास करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है की हमारी वर्तमान पीढ़ी, हमसे बेहतर कार्य करेगी। उन्होंने छात्रों से कहा कि छात्र जीवन के जो अनुभव हैं, उसे संजो कर रखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महाविद्यालय को 75 साल हो गए सेंट्रल इंडिया का सबसे खूबसूरत कैंपस है, यहां 2955 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इस महाविद्यालय का छात्र होने के नाते भविष्य में जो कुछ भी मुझसे हो पाएगा मैं निश्चित तौर पर करूंगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि जब मैं देखता हूं कि कौन-कौन यहाँ से पढ़ कर निकले हैं तो गर्व होता है। उन्होंने डॉ. दाबके और डॉ.आर.एस. गुप्ता के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि उम्र के इस पड़ाव में भी अपने महाविद्यालय से इनका जुड़ाव प्रेरणा दायक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी नौकरी में रहे मित्रों को रिटायर होते देखता हूं, तो लगता है कि जैसे हम भी सीनियर सिटीजन हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने मजाकिया अंदाज में कहा की नई पीढ़ी के लोग से मिलता हूँ, तो लगता है कि अभी भी मैं जवान हूं। इस महाविद्यालय से निकले छात्र, छात्र-संघ के अध्यक्ष, पुलिस अधिकारी, वन विभाग में, बैंक में, आईएएस, आईपीएस रहे और उन्होंने इस महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

## महापौर परिषद में बजट पर चर्चा

# धनोरा और उमरपोटी पंचायत को रिसाली में शामिल करने प्रस्ताव पर लगी मुहर



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** नवगठित नगर पालिक निगम रिसाली की सीमा क्षेत्र को बढ़ाने कवायद शुरू हो गई। ग्राम पंचायत धनोरा व उमरपोटी को निगम क्षेत्र में शामिल करने प्रस्ताव लाया गया। जिसे महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाली परिषद ने सर्व सम्मति से पारित किया।

दरअसल रिसाली नगर पालिक निगम भिलाई के 14 वार्डो को पृथक कर बनाया गया है। इसमें भिलाई टाउनशिप भी शामिल है। घनी आबादी और इस्पात संयंत्र के आधिपत्य वाली भूमि होने की वजह से शासन से स्वीकृत बड़े प्रोजेक्ट अधर में है। इसे ध्यान रखते हुए जिला प्रशासन से आए पत्र को आधार बनाते हुए राजस्व विभाग प्रभारी चन्द्रप्रकाश सिंह निगम व सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी चन्द्रभान सिंह ठाकुर ने धनोरा के अलावा उमरपोटी पंचायत को भी निगम क्षेत्र में शामिल करने प्रस्ताव लाया। पारित प्रस्ताव को शासन को भेजे जाने का निर्णय लिया। महापौर परिषद की बैठक में महापौर परिषद के सदस्य चन्द्रभान ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, अनुप डे, सनीर साहू, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, परमेश्वर कुमार, प्रभारी कार्यपालन अभियंता राजकुमार जैन व विभाग प्रमुख उपस्थित थे

महापौर शशि सिन्हा ने परिषद के सदस्यों से बजट के लिए सुझाव मांगे। विभागवार समीक्षा के बाद आए सुझावों को प्राथमिकता के आधार पर बजट में शामिल करने निर्देश दिए। महापौर ने सुझाव देने से पहले परिषद के सदस्यों से कहा कि पिछले सलाहकार समिति में आए बेहतर सुझावों को भी वे इस वर्ष के अनुमानित बजट में अवश्य शामिल करे।

### तीन की जगह दो टिप्पर

रिसाली निगम को संसाधन उपलब्ध कराने शासन ने 3 टिप्पर खरीदने बजट स्वीकृत किया है। वाहन मूल्य अधिक होने की वजह से परिषद के सदस्यों ने तीन की जगह केवल दो वाहन खरीदने के प्रस्ताव पर मुहर लगाया। टिप्पर को कचरा परिवहन कार्य में लगाया जाएगा।

# सर्विस रोड के किनारे 50 स्थानों से अतिक्रमणकारियों को खदेड़ा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ एक बार अभियान जारी किया गया।इस क्रम में नगर पालिक निगम दुर्ग सर्विस रोड के किनारे अतिक्रमणकरियो द्वारा अवैध ढंग से दुकान लगाने वाले वेंडरों गन्ना रस दुकान,पान ठेला सेंटर,कपड़े की दुकान सहित अन्य को खदेड़ा गया।वही सामान भी जब्त किया गया।न्यू बस स्टैंड से लेकर पटेल चौक तक सर्विस रोड किनारे सड़क तक सामान फैलाकर कारोबार करने वालो के खिलाफ आज आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर निगम के बाजार विभाग व अतिक्रमण विभाग के अमला द्वारा कार्रवाही की गई।



अवैध बैनर पोस्टर की बनाई गई जब्ती और दुकानों के बाहर साइन बोर्ड को भी हटाया।कार्रवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी एवं नोडल अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने अतिक्रमणकारियों की फोटो व वीडियोग्राफी करवाई और उसके बाद सड़क के किनारे सामान सजाकर रखें गए सामानों को हटवाया गया। न्यू बस स्टैंड के आस पास दुकान के सामने कर कारोबार सड़क में फैलाकर कारोबार कर रहे हैं। इसके वजह से बस स्टेंड के भीतर व मुख्य मार्ग पर आवागमन को लेकर आम जनता को दिक्कत हो रही है।इसको ध्यान में रखते हुए निगम आयुक्त ने निर्देश दिए।टीम अमला ने इसके बाद उक्त व्यापारियों द्वारा फैलाकर रखे गए सामान को हटवाया गया। निगम की सख्ती को देखते हुए कुछ कारोबारी अपना सामान स्वयं हटाने लगे।इस दौरान निगम के नोडल अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने दुकानदारों को समझाइश देते हुए कहा कि सामान दुकान से बाहर निकलकर फैलाकर न रखे और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में निगम प्रशासन को सहयोग करें उन्होंने कहा कि यह कार्रवाही निरन्तर जारी रहेगी अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के समय बाजार विभाग ईश्वर वर्मा, शशिकांतयादव,भुवान दास साहू और अतिक्रमण अमला मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री बघेल राजधानी में आयोजित ऑटो एक्सपो में हुए शामिल

# ऑटो एक्सपोः टैक्स में दी जा रही 50 प्रतिशत की छूट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज राजधानी रायपुर के साईंस कॉलेज ग्राउण्ड में रायपुर ऑटो मोबाईल्स डीलर्स एसोसिएशन (राडा) के तत्वाधान में आयोजित 7वें ऑटो एक्सपो में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर ने की। मुख्यमंत्री श्री बघेल का इस अवसर पर राडा द्वारा रायपुर ऑटो एक्सपो में सरकार द्वारा दी जा रही टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट पर काफी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आभार व्यक्त किया गया।




इस निर्णय से ऑटो एक्सपो को दौरान वाहन खरीदी करने वाले लोगों को बड़ा आर्थिक लाभ मिलेगा। वहीं ऑटो मोबाईल्स डीलर्स के व्यवसाय में वृद्धि भी होगी। उन्होंने इसे आम जनता के लिए बड़ी राहत और फायदेमंद बताया गया।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर ऑटो मोबाइल्स सेक्टर से जुड़े डीलरों, वाहन निर्माताओं और उपभोक्ताओं को हिन्दू नववर्ष और नवरात्रि की बधाई दी। उन्होंने कहा कि राडा द्वारा राजधानी रायपुर में ऑटोमोबाइल्स सेक्टर में मध्य भारत के सबसे बड़े इवेंट ऑटो एक्सपो 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से उपभोक्ताओं को एक ही स्तर पर नए-नए प्रोडक्ट के बारे में सुगमता से जानकारी मिलेगी और वाहन क्रय करने में काफी सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आगे कहा कि पिछले चार वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हुई है। शहरों से लेकर दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में भी विभिन्न तरह के वाहनों की मांग बढ़ी है। आने वाले समय में यह मांग और बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि आज देश और दुनिया जिस तेजी से आगे बढ़ रहा है, उनमें वाहनों की भी अहम भूमिका है। आज समाज में बदलाव के साथ-साथ वाहनों की मांग भी तेजी से बढ़ी है। साथ ही वर्तमान में इलेक्ट्रिक वाहनों की लोकप्रियता भी तेजी से बढ़ रही है। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य में वाहनों के बढ़ते बाजार का विकास सुव्यवस्थित तरीके से हो, नई संभावनाओं का लाभ राज्य को, आम नागरिकों, व्यापारियों को, उद्योगपतियों को अधिक से अधिक मिल पाए और आधुनिक दृष्टिकोण के साथ राज्य में एक बेहतर प्रणाली विकसित करने के लिए हर संभव पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस दौरान राज्य में इसके लिए परिवहन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के कुशल मार्गदर्शन में बेहतर परिवहन प्रणाली और परिवहन विभाग द्वारा जनसुविधा के लिए संचालित ऑनलाइन सेवाओं की भी सराहना की। कार्यक्रम को परिवहन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि ऑटो एक्सपो में छूट की सुविधा से ऑटो मोबाइल्स सेक्टर वाहनों की बिक्री में एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। उन्होंने परिवहन विभाग द्वारा जनसुविधा के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जिक्र किया। कार्यक्रम में राडा की ओर से आरडीए के अध्यक्ष श्री सुभाष धुप्पड़ को लाइफ टाइम एचिवमेंट अवार्ड से नवाजा गया।

इस अवसर पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सुभाष धुप्पड़, रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर, परिवहन सचिव एस. प्रकाश, रायपुर ऑटो मोबाईल्स डीलर्स एसोसिएशन (राडा) के सदस्य एवं पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# विश्व टीबी दिवस पर सेक्टर 9 हॉस्पिटल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** विश्व टीबी दिवस पर सेल-भिलाई इस्पात सयंत्र के जलावाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र (सेक्टर 9 हॉस्पिटल) में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। टीबी मुक्त भारत बनाने के जागरूकता कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक कर भी लोगों को टीबी के प्रति जागरूक किया गया. साथ ही लोगों को टीबी के लक्षणों की जानकारी देकर जांच कराने की सलाह भी दी गई. भारत मे लगभग 20 प्रतिषत लोग टीबी से ग्रसित है.



हर साल टीबी की बीमारी के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस ;ॅवतसक ज्नइमतबनसवेपे क्लद्ध मनाया जाता है. इसी कड़ी में सेक्टर 9 हॉस्पिटल में ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) समन्धित आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के पश्चात प्रश्न प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। साथ ही टीवी से बचाव और सुरक्षा के उपाय बताए गए। टी.बी. के लक्षणों की जानकारी लोगों को दी गयी. जिनमे से कुछ इस प्रकार है. भूख न लगना, कम भूख लगना तथा वजन अचानक कम हो जाना, बेचैनी एवं सुस्ती छाई रहना, सीने में दर्द का एहसास होना, थकावट रहना व रात में पसीना आना, हल्का बुखार रहना, हरारत रहना, खांसी आती रहना, खांसी में बलगम आना तथा बलगम में खून आना, कभी-कभी जोर से अचानक खांसी में खून आ जाना, गहरी सांस लेने में सीने में दर्द होना, कमर की हड्डी पर सूजन, घुटने में दर्द, घुटने मोड़ने में परेशानी आदि। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि टीबी की बीमारी माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस जीवाणु की वजह से होती है. इसे क्षयरोग भी कहा जाता है. भारत में हर साल टीबी के लाखों मरीज सामने आते हैं।

ह्रदय, फेफड़ा, गर्भाशय,लीवर आदि के साथ साथ यह शरीर के अन्य भागों को भी यह संक्रमित करते हैं। हालांकि टीबी संक्रामक है लेकिन यह आसानी से नहीं फैलता है और लाइलाज नहीं है। समय रहते इस बीमारी का इलाज करवा लिया जाए तो इसे पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है. कोरोना के बाद गर्भावस्था बच्चों में टीवी कुपोषण में बढ़ोतरी देखी गई है, वैक्सिंग बनाने की तैयारी के साथ साथ 2030 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का प्रयास चल रहा है। कार्यक्रम में बीमारी के उपचार के बारे में भी बताया गया। आजकल टी.बी. के उपचार के लिए अलग-अलग एंटीबायोटिक्स ध् एंटीबेक्टेरियल्स दवाओं का एक साथ प्रयोग किया जाता है। यह उपचार लगातार बिना अन्तराल के 6 से 9 महीने तक चलता है। इस रोग की दवा लेने में अनियमितता बरतने पर, इसके बैक्टीरिया में दवाई के प्रति प्रतिरोध क्षमता उत्पन्न हो जाती है। उपचार के दौरान रोगी को पौष्टिक आहार मिले, वह शराब-सिगरेट आदि से दूर रहे। बच्चों को टी.बी. से बचने के लिए बी.सी.जी. का टीका जन्म के तुरंत बाद लगाया जाता है. इस कार्यक्रम में मुख्य रूप सीएमओ (ब्ड०) इंचार्ज डॉ रविन्द्र नाथ, सीएमओ प्रमोद विनायक, डॉ विनीता द्विवेदी सीएमओ एवं चेस्ट वार्ड के विभागाध्यक्ष डॉ बनर्जी मौजूद व अन्य नर्सिंग स्टाफमौजूद रहे।

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा ट्रैक्टर, चालक गंभीर

**बालोद (ए)।** जिले के ग्राम पेंड्री से चारभांठा मार्ग पर चल रहे डामरीकरण कार्य में लगे ट्रैक्टर का इंजन अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा। इस घटना में चालक को गंभीर चोटें आई है। जिसको 108 के माध्यम से गुंडरदेही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए राजनांदगांव रेफर किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया गया कि पेंड्री से चारभांठा मार्ग पर डामरीकरण में लगे ट्रैक्टर इंजन को चालक नहर पार में ही रिवर्स करते हुए मोड़ रहा था कि अचानक इंजन का बैलेंस बिगड़ा और नहर के अंदर जा घुसा। इस घटना से चालक को गंभीर चोटें आई है। नहर के पानी में डूबे चालक को उपस्थित लोगों ने बाहर निकाला।

### रायपुर में पति ने किया पत्नी का मर्डरः दो साल पहले हुई थी लव मैरिज, कैंची मारकर ले ली जान

**रायपुर (ए)।** रायपुर में एक पति ने पत्नी की हत्या कर दी। मामूली बात में दोनों के बीच झगड़ा इस कदर बढ़ा कि एक की जान लेकर ही विवाद खत्म हुआ। पत्नी की जान लेने के बाद पति ने खुद का गला भी रेतने का प्रयास किया और गंभीर रूप से घायल हो गया। अब पुलिस ने इसे अस्पताल में दाखिल करवाया है। परिजनों से इस मामले में पूछताछ की जा रही है। विधानसभा पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। घटना शुक्रवार शाम को हुई। शनिवार को पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची और हत्यारे पति से भी पूछताछ के प्रयास हो रहे हैं। फिलहाल सामने आई जानकारी के मुताबिक पल्लवी डहरिया नाम की युवती का अपने पति मोहरदास से झगड़ा हुआ था। इसी वजह से पल्लवी अपनी नानी के घर आई थी। मोहर उसे लेने पहुंचा तो पल्लवी ने लौटने से इंकार कर दिया। इससे गुस्से में आकर घर पर रखी कैंची से पति ने वार कर दिया। वो तब तक कैंची पत्नी के शरीर में घोंपता रहा जबतक उसकी जान न चली गई।

पल्लवी डहरिया का सिमगा के रहने वाले मोहरदास डहरिया से नौ जून 2021 को प्रेम विवाह हुआ था। शादी के बाद वह आमासिवनी में किराए के मकान में रह रहे थे। पांच मार्च 2023 को सड्डू शिवम सिटी के पास किराए से रहने लगे। 23 मार्च की दोपहर पल्लवी अकेले आमासिवनी में अपने परिजनों के घर पल्लवी चली गई। घर वालों को युवती ने बताया कि उसका पति मोहरदास बहुत मारपीट करता है।

### फार्मासिस्ट और एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर ने नर्स को पीटा

**बालोद (ए)।** चिखलाकसा वार्ड 11 आंगनबाड़ी के सामने मेडिकल मोबाइल यूनिट में तैनात स्वास्थ्य विभाग के नर्सिंग स्टाफ से मारपीट का मामला सामने आया है। स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत दल्लीराजहरा में नर्सिंग स्टाफ के पद पर कार्यरत लाटाबोड निवासी लीना देवांगन ने बताया कि गुरुवार को दोपहर 12 बजे पूर्व में कार्यरत फार्मासिस्ट यशवंत साहू और एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर विकास वर्मा कार से पहुंचे। जिसके बाद दोनों शिकायत करते हो कहकर गाली गलौज करने लगे। जिसके बाद यशवंत साहू ने सिर के बाल को पकड़कर घसीटते हुए हाथ मुक्का से मारपीट की। ड्राइवर शैलेश, फार्मासिस्ट योगिता व लैब तकनीकी सहायक श्रद्धा साहू ने बीच बचाव किया। घटना के संबंध में डॉ. नेहा माखीजा जानकारी देकर रिपोर्ट दर्ज कराने थाने पहुंची। यशवंत साहू पहले मेडिकल मोबाइल यूनिट में कार्यरत था। जो कई दिन से अभद्र व्यवहार करता आ रहा है। बाल को पकड़कर घसीटने और पीठ में वार करने के बाद जमीन में गिर गई। स्टाफ व आसपास के लोग जब पहुंचे तो दोनों कार में सवार होकर भाग गए। इस मामले में राजहरा थाने में पेंड्री निवासी यशवंत साहू व दुर्ग निवासी विकास वर्मा के खिलाफ धारा 294, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### बीएसपी कर्मी से रायपुर के बदमाश ने की ठगी

# झांसे में लेकर बुलट बाइक, एक्सयूवी व वॉशिंग मशीन करा लिया फाइनेंस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** खुर्सीपार निवासी बीएसपी कर्मी से रायपुर के एक बदमाश ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर ठगी की है। शातिर बदमाशों ने बीएसपी कर्मी की मजबूरी का फायदा उठाते हुए पहले उसे अपने झांसे में लिया और उसके नाम पर एक-एक कर बुलेट बाइक, महिन्द्रा एक्सयूवी व वाशिंग मशीन फाइनेंस कर अपने पास रख लिए। जब इन सभी प्रोडक्टस् की किस्ते नहीं पटी तो बैंक वाले बीएसपी कर्मी के घर पहुंचने लगे। इसके बाद बीएसपी कर्मी को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ।



बीएसपी कर्मी की शिकायत पर खुर्सीपार पुलिस ने रायपुर निवासी योगेश सोनवानी सहित खुर्सीपार निवासी शिवा ऊर्फ शिव कुमार व भिलाई तीन निवासी श्रीनिवास के खिलाफ धारा 120-B, 420 के तहत अपराध दर्ज किया है।

खुर्सीपार पुलिस के अनुसार क्वाटर नंबर 59एफ, केएलसी जोन 2 खुर्सीपार निवसी हेमंत कुमार बीएसपी के टीएनडी विभाग में लोको पायलट के पद पर कार्यरत है। हेमंत कुमार ने थाने मे उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि शिवा ऊर्फ शिव कुमार के माध्यम से उसकी जान पहवान भिलाई तीन श्रीनिवास एवं रायपुर निवासी योगेश सोनवानी से हुई। हेमंत ने अपनी बेटी की शादी के नाम पर शिवा और श्रीनिवास से 20 हजार रुपए उधार मांगे थे।

इसके बाद 22 अक्टूबर 2022 को शिवा और श्रीनिवास हेमंत कुमार को टाटीबंध रायपुर ले गये। टाटीबंद में दोनों ने योगेश सोनवानी से मिलाया और इसके बाद सभी बुलेट शो रूम पहुंचे। बुलेट शो रूम में हेमंत कुमार को आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पास बुक और सेक्टर 04 स्टेट बैंक के तीन चेक हस्ताक्षर कराकर ले लिए और बुलेट फायनेंस करवा लिया। इन लोगों ने बुलेट बेचकर रुपए देने का वादा किया।

इसके कुछ दिन बाद तीनों ने हेमंत को महिन्द्रा एक्सयूवी खरीदने का झांसा दिया। तीनों ने कहा कि हम लोग भरेगें डाउन पैमेंट भी हम लोग देगें उस गाडी को किराये में चलायेगें उससे जो फायदा होगा वह आपको भी देगें। इसके बाद सभी महेन्द्रा शो रूम रायपुर मोवा गए और हेमंत के दस्तावेज से महेन्द्रा एक्स यूवी 300 को फायनेंस में लिए जिसका डाउन पैमेंट योगेश सोनवानी दिया है। इसेक बाद भिलाई-3 में सभी ने शराब पी। इस दौरान योगेश सोनवानी ने एक एग्रीमेंट में हस्ताक्षर करा लिया। फायनेंस होने के एक दो दिन बाद शिवा ने हेमंत को 20 हजार रुपए दे दिए।

इसके बाद 15 जनवरी 2023 को शिवा और श्रीनिवास हेमंत के पास पहुंचे और वाशिंग मशीन दिलवाने कहा और उसकी किस्ते भी खुद ही जमा करने की बात कही। इसके बाद दोनों हेमंत को लेकर न्यू वसंत टाकिज के पास केके इलेट्रानिक्स लेकर गए। यहां पर हेमंत के नाम पर एक वाशिंग मशीन ले ली। इसके बाद कोरे कागज पर हस्ताक्षर करा लिया। इसके बाद जब बैंक के रिकवरी वाले घर पहुंचने लगे तो पता चला कि वे लोग किस्ते जमा नहीं कर रहे है। इस तरह से उन लोगों ने हेमंत कुमार को झांसे में लेकर ठगी की। इस मामले में खुर्सीपार पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पत्नी की गला दबाकर हत्या करने वाला पति समेत तीन गिरफ्तार



**रायपुर (ए)।** कारोबारी पति ने ही अपने पत्नी की हत्या गला दबाकर की थी। गोलबाजार क्षेत्र में रिद्धि सोनी नाम की महिला ने खुदकुशी की थी। चरित्र शंका को लेकर पति पत्नी में आये दिन विवाद होता था, जिसके बाद पति ने उसकी हत्या कर दी।

दरअसल गोलबाजार थाना पुलिस को 11 मार्च को सूचना मिली थी कि रिद्धी सोनी पति तरूण सोनी उम्र 30 साल निवासी शंकर चौक नयापारा थाना में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। पहले इस मामले को खुदकुशी साबित करने की कोशिश की गयी।

महिला के पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की बात कही थी। इस मामले में पुलिस पति तरूण सोनी, जेठानी रूखमणी सोनी और पीयूष सोनी को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ हत्या और सबूत छिपाने की धारा के तहत अपराध कायम किया गया। पुलिस ने घटना से संबंधित दो नग मोबाइल फोन और फांसी का फंदा भी जब्त किया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। इधर रिद्धी सोनी के स्वजनों ने शुरू से हत्या की आशंका जताई थी। जांच कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम के सदस्यों द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डाक्टर द्वारा मृतिका की मृत्यु गला दबाने होना बताया गया। पति तरूण सोनी से कड़ाई से पूछताछ करने पर अंततः उसके द्वारा अपनी पत्नी रिद्धी सोनी की गला दबाकर हत्या करना स्वीकार किया गया। पूछताछ में आरोपित तरूण सोनी ने बताया कि उसका आए दिन पत्नी रिद्धी सोनी के साथ विवाद होता था। घटना दिनांक को दोनों के बीच विवाद होने से वह आवेश में आकर अपनी पत्नि रिद्धी सोनी की गला दबाकर हत्या कर दिया। अपनी भाभी रूखमणी सोनी एवं भतीजा पीयूष सोनी की मदद से साक्ष्य छिपाने की नियत से बाथरूम में फांसी का फंदा तैयार कर बाथरूम के दरवाजे को तोड़कर उसका विडियो बनाकर मृतिका रिद्धी सोनी की हत्या को आत्महत्या का रूप दिया गया था।

### विवाहिता की मौत पर बवाल

## 10 दिन पहले 95 फीसदी जली, मौत के बाद ससुराल पक्ष घेरे में, परिजन पहुंचे थाने

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** छावनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत फल मंडी में विवाहिता की मौत पर बवाल हो गया है। विवाहिता को 10 दिन पहले 90 फीसदी जली अवस्था में सेक्टर-9 अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एक दिन पहले उसकी मौत हो गई। खासबात यह है कि इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी मोहल्ले वालों को कानोकान खबर नहीं हुई। आज जब शव के अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही थी तब मोहल्ले वालों को पता चला कि यहां ऐसी भी कोई घटना घटी है। इसके बाद मोहल्लों वालों ने विवाहिता की मौत पर सवाल उठाया। ससुराल पक्ष ने आनन फानन में महिला का अंतिम संस्कार तो कर दिया लेकिन अब परिजनों ने विवाहिता की हत्या की आशंका जताई है।

मिली जानकारी के अनुसार पावर हाउस फलमंडी में रहने वाले अनिल गुप्ता की डेढ़ साल पहले पूनम नाम की युवती के साथ हुई थी। शुक्रवार को मोहल्ले वालों ने पूनम के मौत की खबर सुनी तो सभी हैरान रह गए। हैरानी तब और बढ़ गई जब मोहल्ले वालों को यह पता चला कि पूनम 10 दिन पहले आग में झुलस गई थी। आज जब अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही थी तब मोहल्ले वाले बड़ी संख्या में जमा हुए और पूनम की मौत का कारण जानने को उत्सुक दिखे। यही मोहल्ले वालों ने इस दौरान ससुराल वालों पर पूनम की हत्या का आरोप भी लगाया।

मोहल्ले वालों का कहना था कि आग से 90 फीसदी झुलसने के बाद भी किसी को खबर नहीं हुई। ससुराल वालों ने अस्पताल में भर्ती करा दिया और मोहल्ले में किसी को भी जानकारी नहीं है। शाम को मृतका के परिजन थाने पहुंचे। परिजनों के साथ मोहल्ले वाले भी थाने पहुंचे और पूनम की मौत की जांच करने की मांग की और ससुराल वालों पर जलाकर मारने का आरोप लगाया। मृतका पूनम की बहन का कहना है कि शादी के बाद से ही उसके ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। पड़ोसियों ने भी बताया कि अक्सर घर पर रात में झगड़े की आवाजें आती थी। फिलहाल छावनी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### ऑफिस में फंदे पर लटकती मिली स्कूल संचालक की लाश

## सुसाइड नोट में बड़े बेटे-बहू और रिश्तेदार पर संपत्ति के लिए प्रताड़ित करने का आरोप

**बिलासपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में स्कूल और शादी भवन संचालक की लाश निर्माणाधीन ऑफिस में फंदे पर लटकती मिली है, वहीं पुराने ऑफिस से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें जमीन और संपत्ति विवाद के चलते आत्महत्या करने की बात कही गई है। बुजुर्ग ने अपनी मौत के लिए बड़े बेटे-बहू और उसके रिश्तेदार कुख्यात बदमाश को जिम्मेदार बताया है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

दयालबंद मधुबन रोड निवासी छेदीलाल कश्यप (68) शिखा पब्लिक स्कूल और शिखा वाटिका शादी भवन के संचालक थे। उनका एक हॉस्टल भी है। शादी घर के करीब ही उनका पुराना ऑफिस है। उसी के पास एक नया ऑफिस बन रहा है। शुक्रवार की शाम पुलिस को जानकारी मिली कि छेदीलाल की लाश निर्माणाधीन ऑफिस के अंदर फंदे पर लटकती मिली है।



खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस दौरान पूछताछ करने पर पता चला कि वह दोपहर में ऑफिस देखने के लिए निकले थे। उसकी 5 साल की पोती दोपहर करीब दो बजे उन्हें बुलाने के लिए गई, तब ऑफिस के अंदर उसके दादा का शव फांसी पर लटका हुआ दिखाई दिया। इसे देखकर वो चिल्लाती हुई बाहर आई और परिजनों को इसके बारे में बताया।

#### तलाशी में पुराने ऑफिस से मिला सुसाइड नोट

जांच के दौरान पुलिस ने पुराने ऑफिस की तलाशी ली, तब पुलिस को दो पन्ने का सुसाइड नोट मिला, जिसमें छेदीलाल ने अपने बड़े बेटे और बहू के साथ ही उसके रिश्तेदार एक आदतन बदमाश का नाम लिखा है। सुसाइड नोट के अनुसार ससुरालवालों के साथ मिलकर बेटा-बहू उसकी संपत्ति पर कब्जा करना चाह रहे थे और हिस्सा देने के लिए दबाव डाल रहे थे। जमीन व संपत्ति को लेकर उनके साथ पहले से विवाद चल रहा था। सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। टीआई प्रदीप आर्य के अनुसार हैंड राइटिंग मिलाने करने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

#### बड़े बेटे ने की है लव मैरिज उसके बाद से ही चल रहा विवाद

पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला है कि छेदीलाल कश्यप के तीन बेटे विक्रम, विकास और विनय हैं। बड़े बेटे विक्रम ने दयालबंद में ही लव मैरिज की है। इसके बाद से ही उसके साथ विवाद शुरू हो गया था। वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ घर से अलग रहता है। वहीं, दो बेटे व बहू उनके साथ रहते हैं, जो अपनी फोटो कॉपी की दुकान चलाते हैं। पुलिस इस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है, ताकि आत्महत्या के सही कारणों का पता चल सके।

#### आज होगा पोस्टमॉर्टम, परिजनों का बयान दर्ज कर पुलिस करेगी पूछताछ

टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि शव को फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। शाम होने के कारण पोस्टमॉर्टम नहीं हो सका है। शनिवार को परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। इस दौरान उनके सभी बेटों से पूछताछ कर उनका बयान दर्ज किया जाएगा, जिसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

## ऑटो चोर गिरोह पकड़ाया, चोरी के बाद पुलिस को चकमा देने कहीं भी खड़ी कर देते थे चोरी का ऑटो

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बाइक चोर तक तो ठीक था लेकिन कोई पूरी ऑटो ही पार कर दे तो क्या कहेंगे। दुर्ग पुलिस ने एक ऐसे ही चोर गिरोह को पकड़ा है जो लीक से हटकर बाइक की जगह ऑटो रिक्शा चुराते थे। जेवरा सिरसा व कुम्हारी पुलिस के साथ एसीसीयू की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल चार ऑटो बरामद किया गया है जिसकी बाजार में करीब 6 लाख रुपए कीमत है।



जिले में लगातार वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुए एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव ने आरोपियों की धरपकड़ का निर्देश दिया था। इसी कड़ी में पुलिस की अलग अलग टीमें चोरों पर निगरानी रखी हुई थी। इस दौरान विशेष सूत्रों से पता चला कि तिरंगा चौक खुर्सीपार निवासी करन चौधरी ने ऑटो चुराया है और उसे सवारी ऑटो के रूप में उपयोग कर रहा है। सूचना पर करन चौधरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसने अपने सहयोगी साथी आसिफ अली व अपने दोस्त अशोक मौर्य की ऑटो सीजी 07 बी.डब्ल्यू 9552 में घूम-घूमकर रेकी करते थे।

तीनों ने मिलकर माह जुलाई 2022 में कुम्हारी से 01 ऑटो रिक्शा, माह दिसम्बर 2022 में सोमनी राजनांदगांव से 01 ऑटो रिक्शा एवं 22 मार्च 2023 को जेवरा सिरसा से 01 ऑटो रिक्शा चोरी किये है। जिसका नम्बर प्लेट बदलकर सवारी ऑटो के रूप में उपयोग करते थे और रात्रि के समय ऑटो को भीड़ भाड़ वाले इलाके में खड़ी कर देते थे। आरोपियों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 1 ऑटो सहित 3 नग चोरी की गई ऑटो रिक्शा बरामद किया गया। इस पूरी कार्रवाई में एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट दुर्ग से एएसआई चन्द्रशेखर सोनी, प्रधान आरक्षक सत्येन्द्र महरिया, आरक्षक अरविन्द मिश्रा, डी प्रकाश, राकेश अन्ना, नितिन सिंह की उल्लेखनीय भूमिका रही।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572



# न्याय युग

## ग्रामीण उद्यमिता का आगाज

25 मार्च, 2023

## किसानों की जेबों में 1949 करोड़ 26 लाख रुपए



लगातार 3 साल से खेती को प्रोत्साहन

### राजीव गांधी किसान न्याय योजना

23.23 लाख किसानों को
1,793 करोड़ रु की 12वीं किस्त जारी

अब तक कुल भुगतान : 18,208 करोड़ रु

देश में छत्तीसगढ़ के किसानों को
मिल रहा सर्वाधिक लाभ

सरगांव, मुंगेली से
**श्री भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़**
के कर कमलों द्वारा

राज्य के 278 मल्टीएक्टिविटी सेंटर

RIPA
महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क, छत्तीसगढ़

का

### लोकार्पण

भूमिहीन कृषि मजदूरों की आय में इजाफा

### राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना

4.99 लाख हितग्राहियों को
149.92 करोड़ रु की आर्थिक सहायता

अब तक कुल भुगतान : 476.67 करोड़ रु

पशुधन प्रबंधन और ग्रामीण आर्थिकी का आधार

गोधन न्याय योजना

### गोधन न्याय योजना

पशुपालकों, गौठान समितियों, महिला स्व-सहायता समूहों को
6.34 करोड़ रु का अंतरण

अब तक कुल भुगतान : 407.61 करोड़ रु

## छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार

RO-36061/5

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950